



दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 188/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10


संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, बुधवार 15 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


## जासूसी ही कर रहा था चीनी बैलून, अमेरिका ने कहा- मलबे से अहम सेंसर बरामद



**वाशिंगटन।** आखिरकार ये तय हो गया है कि 5 फरवरी को अमेरिका ने अपने हवाई क्षेत्र में जो चीनी बैलून मार गिराया था, वो जासूसी ही कर रहा था। अमेरिका ने इसकी पुष्टि कर दी है। स मिलिट्री ने मंगलवार को एक बयान में कहा- बैलून के मलबे को रिकवर करने के बाद उसकी जांच की गई।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

# मुंबई: सीबीआई ने हवाईअड्डे पर ई-रिश्वत रैकेट का खुलासा किया

**मुंबई।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार रात छत्रपति शिवाजी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर डिजिटल वसूली रैकेट चलाने के आरोप में एक सीमा शुल्क अधीक्षक को गिरफ्तार किया। यहां यात्रियों को तस्करी के झूठे मामलों में फसाने के नाम पर धमकाया जाता था और लगेज बेल्ट पर तैनात एयरपोर्ट लोडर के खातों में डिजिटली रिश्वत देने के लिए मजबूर किया जाता था।

अधिकारियों ने कहा कि सीमा शुल्क अधीक्षक कुमार आलोक को विस्तृत जांच और हवाईअड्डे पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के खिलाफ साक्ष्य एकत्र करने के बाद गिरफ्तार किया गया। जुबिन मेहता और धवल छेदा की शिकायत के बाद जांच शुरू की गई, जो 19 नवंबर, 2022 को दुबई से निजी इस्तेमाल के लिए 1.5 लाख रुपये की सोने की चेन के साथ मुंबई पहुंचे। मेहता और छेदा को आलोक ने 90 मिनट तक हिरासत में रखा और तस्करी के लिए आपराधिक मामला दर्ज करने की धमकी दी। उसने दोनों यात्रियों को एयरपोर्ट लोडर संजय जिशी और प्रकाश आम्बेडे के मोबाइल नंबरों से जुड़े जीपीए खातों में 17 हजार और 13 हजार का भुगतान करने के लिए मजबूर किया।



### जीपीए खाते में 17 लाख से अधिक

सीबीआई ने जोशी का बयान दर्ज किया, जिनके जीपीए खाते में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों से 17 लाख रुपये से अधिक आलोक के खातों में स्थानांतरित किए जाने के लिए मिले। सीबीआई जांच से पता चला है कि इस पैसे का इस्तेमाल बाद में हवाईअड्डे पर तैनात वरिष्ठ आईआरएस अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों के होटल और फ्लाइट बुकिंग के लिए किया गया था।

जब सीबीआई जोशी के आवास पर छापा मार रही थी, हवाई अड्डे पर तैनात एक सीमा शुल्क अधिकारी के लिए जीपीए पर प्राप्त 17,000 की जबरन वसूली की पुष्टि करने के लिए एक हवाई अड्डे के सीमा शुल्क हवलदार को बुलाया गया। मुंबई हवाई अड्डे के मुख्य आयुक्त रूपम कपूर और केंद्रीय खुफिया इकाई के आयुक्त रंजीत कुमार ने भ्रष्टाचार और जबरन वसूली की शिकायतों के बारे में विस्तृत पूछताछ पर कॉल और संदेशों का जवाब देने से इनकार कर दिया।

सीमा शुल्क आयुक्त से बदले की कार्रवाई के डर से एक सीमा शुल्क अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, हवाई अड्डे पर तैनात अधिकारियों पर कोई निगरानी नहीं रखी जाती है। डिजिटल वसूली का एक संगठित सिंडिकेट को चलाने के लिए वरिष्ठ आईआरएस अधिकारियों द्वारा कुछ चयनित अधिकारियों को एयर इंटेलिजेंस यूनिट और प्रोटोकॉल बैच में तैनात किया जाता है। विशेष अदालत में सीबीआई की रिमांड अर्जी में कहा गया है कि रैकेट में कई वरिष्ठ सीमा शुल्क अधिकारी शामिल हैं।

# रीवा को मिली नए एयरपोर्ट की सौगात

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह एवं नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया ने किया भूमिपूजन

**रीवा।** मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र को आज नए एयरपोर्ट की सौगात मिल गई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रीवा में बनने वाले इस एयरपोर्ट के निर्माण का भूमि पूजन किया। इसका निर्माण 239.95 करोड़ रुपए से होगा। मध्यप्रदेश का यह छठवां एयरपोर्ट होगा। अभी तक भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और खजुराहो में एयरपोर्ट हैं। रीवा पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कलाकारों के साथ डांडिया खेला।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, प्रभारी मंत्री बिसाहूलाल सिंह, सांसद जनार्दन मिश्र, रीवा विधायक पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ला, राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल उपस्थित रहे।

समारोह में केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने 747 करोड़ 51 लाख रुपए के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। इनमें 15 विकास कार्यों (144 करोड़ 9 लाख) का लोकार्पण किया, जबकि 17 निर्माण कार्यों (603 करोड़ 42 लाख) का भूमिपूजन किया। मुख्य समारोह चोरहटा हवाई पट्टी में हुआ। इसके बाद सीएम महिला सम्मेलन के लिए रवाना हो गए।





रीवा को मिलीं सौगातें- 71 करोड़ रुपए की लागत से 2000 लीटर उत्पादन क्षमता का दुग्ध भवन, 1.0323 करोड़ रुपए से शासकी हाईस्कूल समान में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, 65.6252 करोड़ रुपए से जल जीवन मिशन के तहत 156 योजनाएं, 4.3 करोड़ रुपए से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वॉटरशेड, 65 खेत तालाब, 8 अमृत सरोवर निर्माण कार्य का लोकार्पण, रीवा-बीड़ा-सेमरिया मार्ग के 28/10 किमी टमस नदी में पुल, रीवा बकिया सेमरिया मार्ग के 26/4 किमी में निर्मित टमस नदी पर पुल के निर्माण कार्य के साथ ही 5 सीएम राइज स्कूलों का भी लोकार्पण हुआ।

गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह, सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह, मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल, मनगवां विधायक पंचूलाल प्रजापति, त्योंथर विधायक श्यामलाल द्विवेदी, सेम?रिया विधायक केपी त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, महापौर अजय मिश्र, नगर निगम स्पीकर व्यंकटेश पाण्डेय शामिल होंगे।

# बीबीसी: दिल्ली-मुंबई में आईटी सर्वे जारी

**नई दिल्ली।** बीबीसी के खिलाफ इनकम टैक्स की कार्रवाई जारी है। दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तरों पर मंगलवार सुबह से सर्वे जारी है। इस बीच, पूरे मामले पर राजनीति भी जारी है। अब अमेरिका ने प्रतिक्रिया दी है। बीबीसी ने अपने कर्मचारियों को ईमेल भेजकर कहा है कि वे इनकम टैक्स के अधिकारियों का सहयोग करें। वहीं अधिकांश कर्मचारियों को घर से ही काम करने को कहा गया है।

अमेरिका में विदेश विभाग ने बीबीसी के खिलाफ सर्वे की कार्रवाई पर सीधी प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन कहा कि वह दुनिया भर में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्र प्रेस के महत्व पर जोर देता है। सर्वे पर टिप्पणी करते हुए अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा, हमें टैक्स अधिकारियों द्वारा दिल्ली में बीबीसी कार्यालयों की तलाशी के बारे में जानकारी है। इस कार्रवाई से परे मैं व्यापक रूप से कहूंगा कि अमेरिका प्रेस की आजादी पर जोर देता है।

एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने कहा कि वह सरकारी एजेंसियों की उस प्रवृत्ति से व्यथित है, जो समाचार संगठनों को डराने और परेशान करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि, यह प्रवृत्ति सत्ता प्रतिष्ठान के लिए महत्वपूर्ण है। एडिटर्स गिल्ड ने कहा कि सरकार की आलोचना करने के बाद आयकर विभाग ने कुछ प्रेस कार्यालयों की भी तलाशी ली थी।

## एनआईए ने केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक में 60 से अधिक स्थानों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** कोयम्बटूर कार सिलेंडर विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ी कार्रवाई की है। संदिग्ध आईएसआईएस समर्थकों का पता लगाने के लिए कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में 60 से अधिक स्थानों की तलाशी ली जा रही है। एनआईए का मानना है कि देश में इस्लामिक स्टेट से जुड़े संदिग्ध लोग हैं जो युवाओं को आतंकी गतिविधियों में लिप्त कर रहे हैं। बता दें, कोयंबटूर में पिछले साल अक्टूबर ब्लास्ट हुआ था, जिसमें जमीजा मुबीन की मौत हो गई थी। मुबीन से 2019 में कथित आईएसआईएस लिंक को लेकर एनआईए ने पूछताछ की थी।



पुलिस की जांच के मुताबिक, मुबीन दो खुले सिलेंडरों के साथ कार चला रहा था और उनमें से एक में विस्फोट हो गया। बाद में उसके घर की तलाशी में भी कम तीव्रता वाली विस्फोटक सामग्री बरामद हुई थी। तमिलनाडु के पुलिस प्रमुख सी सिलेंद्र बाबू ने कहा था कि यह आतंकी साजिश है और संदिग्ध आगे बड़ी वारदात को अंजाम देने की प्लानिंग में जुटे थे।

# मेघालय: भाजपा का घोषणापत्र जारी, महिलाओं के लिए बड़े वादे

**शिलॉग।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को मेघालय के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार दोबारा बनने के बाद वह सातवां वेतन आयोग लागू करेंगे। नड्डा ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों की तनख्वाह भी सही समय पर मिलना सुनिश्चित करेंगे।

भाजपा के घोषणापत्र में महिलाओं के लिए भी कई योजनाओं का एलान किया गया है। नड्डा ने कहा कि राज्य में बेटी के पैदा होने पर सरकार परिवार को 50 हजार रुपये का बॉन्ड देगी और बेटियों की किंडरगार्टन से लेकर पोस्ट ग्रैजुएट तक की पढ़ाई का बीड़ा उठाएगी। इसके अलावा सरकार विधवा महिलाओं और सिंगल मदर्स के लिए 24 हजार रुपये सालाना की मदद के लिए योजना शुरू करेगी, ताकि उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने में मदद की जा सके।



नड्डा ने किसानों और परिवारों के लिए भी बड़े एलान किए। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को मिलने वाली राशि में दो हजार रुपये की वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थी परिवारों को दो एलपीजी सिलेंडर भी दिए जाएंगे।

# न्यूजीलैंड में 6.1 तीव्रता का भूकंप

न्यूजीलैंड के वेलिंगटन में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र परपरौमू शहर से 50 किमी की दूरी पर था। फिलहाल किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है।

# झारखंड के पलामू में दो समुदायों के बीच झड़प

झारखंड के पलामू में दो समुदायों के बीच झड़प हो गई। बताया जा रहा है कि ये पूरा विवाद शिवरात्रि पर तोरणद्वार बनाने को लेकर हुआ है। जिसको लेकर दो समुदायों के बीच पहले बहस हुई, फिर देखते-देखते पत्थरबाजी होने लगी। घटना के दौरान कई गाड़ियों में आग लगा दी गई। घटना में कई लोगों के घायल होने की खबर है। इलाके में धारा 144 लगाया गया है। पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। हालांकि, अभी तक किसी के गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक, इलाके में अतिरिक्त पुलिसबल बुलाई गई है।

# कोहिनूर जड़ा ताज नहीं पहनेंगी ब्रिटेन की नई रानी



**लंदन।** ब्रिटेन की नई रानी यानी किंग चार्ल्स-तृतीय की पत्नी कैमिला ताजपोशी के दौरान क्वीन एलिजाबेथ का कोहिनूर जड़ा ताज नहीं पहनेंगी। लंदन में बकिंघम पैलेस ने मंगलवार को इसका ऐलान किया। बीबीसी के मुताबिक, भारत के साथ रिश्ते न बिगड़ें, इस बात को ध्यान में रखते हुए रॉयल फैमिली ने यह फैसला लिया है। इस फैसले के बाद कैमिला के लिए क्वीन मैरी का 100 साल पुराना क्राउन तैयार कराया जा रहा है। कैमिला को आधिकारिक तौर पर क्वीन का दर्जा देने के लिए 6 मई को क्वीन कंसोर्ट होगा। इसी दौरान वे नया ताज पहनेंगी। खबरों के मुताबिक रॉयल फैमिली ने क्वीन मैरी का क्राउन कैमिला के सिर के हिसाब से रीसाइज कराने के लिए भी भेज दिया है।

# ईडी ने केरल सीएम के पूर्व चीफ सेक्रेटरी को अरेस्ट किया

प्रवर्तन निदेशालय ने केरल के मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव एम शिवशंकर को लाइफ मिशन घोटाले में गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में यह पहली गिरफ्तारी है। यूनीटैक के एमडी संतोष एपन ने कहा था कि आरोपी स्वप्ना सुरेश ने प्रोजेक्ट के लिए 4.48 करोड़ की रिश्वत ली थी। स्वप्ना सुरेश और सरिथ पीएस ने आरोप लगाया कि इसमें शिवशंकर पर का हाथ है। मामला राज्य सरकार की लाइफ मिशन प्रोजेक्ट से जुड़ा है। जिसमें त्रिशूर के वडक्कनचेरी में 140 परिवारों के लिए घर बनाए जाने थे।

# हैदराबाद में गोदावरी एक्सप्रेस के 6 डिब्बे पटरी से उतरे

बुधवार सुबह हैदराबाद के बीबीनगर से घाटकेसर के बीच गोदावरी एक्सप्रेस के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह घटना सुबह 6.10 बजे हुई। ट्रेन विशाखापत्तनम से हैदराबाद जा रही थी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक सभी यात्री सुरक्षित हैं।

# द ग्रेट ब्राह्मण होगा आईएएस नियाज खान की 8वीं किताब का नाम



**भोपाल।** आईएएस नियाज खान एक अच्छे लेखक भी हैं। अभी तक सात किताब वे लिख चुके हैं और अब उनकी आने वाली किताब ब्राह्मणों पर केंद्रित है। किताब का नाम है 'द ग्रेट ब्राह्मण!' मार्च में बाजार में आने वाली इस किताब में नियाज खान ने ब्राह्मणों को नेतृत्व करने वाला और बेहतरीन सलाहकार की तरह प्रस्तुत किया है। इस किताब में उन्होंने ब्राह्मणों के तेज दिमाग को लेकर काफी कुछ लिखा और उन्हें 'सुपर ब्रेन' बताया। नियाज खान ने अपना निष्कर्ष भी दिया कि अगर हर क्षेत्र में ब्राह्मणों को मौका दिया जाए तो वे देश को बदलने की क्षमता रखते हैं।

नियाज खान एक चर्चित आईएएस हैं। कुछ महीने पहले जब फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' रिलीज हुई थी, तब उनके कुछ बयान काफी चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा था कि मुसलमानों की हत्या दिखाने के लिए भी 'द कश्मीर फाइल्स' की तरह एक फिल्म बननी चाहिए। इस बयान के बाद वे सुर्खियों में आ गए थे। इस बयान को लेकर उन पर कार्रवाई की बातें भी की गई!

आईएएस नियाज खान का किताब के बारे में कहना है कि उन्होंने चाणक्य के बारे में बहुत पढ़ा है। चाणक्य के हर पक्ष को जाना और समझा है। यही वजह है कि वे चाणक्य से बहुत ज्यादा प्रभावित रहे हैं। उनका कहना है कि चाणक्य का बुद्धिमता स्तर बहुत ज्यादा था। नियाज खान ने चाणक्य के अलावा सुदामा के बारे में भी बहुत पढ़ा और यही कारण है कि उन्होंने ब्राह्मणों को हर दृष्टि से श्रेष्ठ पाया।

# दिल्ली में लिव इन पार्टनर की हत्या

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में श्रद्धा वॉलकर हत्याकांड जैसी एक और वारदात सामने आई है। युवक ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर शव अपने ढाबे के फ्रीज में डाल दिया। दिल्ली के नजफगढ़ के मित्रांव गांव स्थित ढाबे के फ्रिज से एक महिला का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपी युवक का घर ढाबे से कुछ ही दूरी पर है। इसके बाद आरोपी ने 10 फरवरी को झज्जर के मंडोठी गांव में दूसरी लड़की से शादी कर ली।

# रतलाम में फोरलेन खड़े ट्राले में टकराई बस, 2 की मौत, 17 यात्री घायल

**रतलाम।** लेबड़-नयागांव फोरलेन पर रतलाम के पास आज भीषण सड़क हादसा हो गया। सरवड़ जमुनिया गांव के पास एक यात्री बस खड़े ट्राले में जा टकराई। इस हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हो गए। हादसे में बस चालक रईस पठान और मोहम्मद साबिर की मौत हो गई।

घटना सुबह 5 बजे की है। जहां भीलवाड़ा की तरफ जा रही यात्री गाड़ी सड़क के साइड में खड़े ट्राले से टकरा गई। अचानक हुए धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और रहवासी मौके पर पहुंचे। बिलपांक थाना पुलिस और ग्रामीणों ने घायलों को बस से निकालकर रतलाम जिला अस्पताल पहुंचाया है।

फोरलेन पर हादसे का शिकार हुई यह बस महाराष्ट्र के पुणे से राजस्थान के भीलवाड़ा जा रही थी। सुबह करीब 5:00 बजे रतलाम के पास सरवर जमुनिया हादसा हुआ है फोरलेन पर सरवड़ जमुनिया के पास यह हादसा हो गया। इस हादसे में 2 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। जिन्हें आसपास के ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों का उपचार रतलाम जिला अस्पताल में जारी है। बिलपांक थाना पुलिस ने दुर्घटना वाहन हटवा कर बाधित हुआ जाता है शुरू करवाया है। वहीं, प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही शुरू की है।




### स्टेट हाईवे पर दो हादसे

थांदला बदनावर स्टेट हाईवे पर पेटलावद के सारंगी के पास दो हादसे हुए, जिसमें एक की मौत हुई है। पहला हादसा चौकी महुड़ी गांव के समीप हुआ। जहां एक सिलिंडर से भरा ट्रक पलट गया। ट्रक जैसे पलटा वैसे ही ट्रक में आग लग गई और जो सिलिंडर उस ट्रक में थे उनमें एक के बाद एक ब्लास्ट होने लगे। इस घटना से आस-पास के ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

दूसरी घटना स्टेट हाइवे पर ग्राम पत्थरपाड़ा में आज सुबह हुई। इस गांव के समीप एक केमिकल से भरा टैंकर पलट गया। बताया जा रहा है कि इस घटना में चालक की मौत हो गई है। घटना के बाद चालक के शव को निकाला गया और पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# जिलों से कनेक्ट होगा सीएम डैशबोर्ड, एसडीजी से भी जोड़ने की तैयारी

**भोपाल।** प्रदेश का सीएम डैशबोर्ड अब सभी जिलों के डैशबोर्ड से भी कनेक्ट होगा। इसके लिए जिलों में डैशबोर्ड बनाए जाएंगे जिसमें जिले के विकास की पूरी जानकारी मौजूद रहेगी। इसके साथ ही सीएम डैश बोर्ड को संयुक्त राष्ट्र संघ के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल (एसडीजी)से भी जोड़ा जाएगा जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 17 बिन्दुओं की जानकारी उपलब्ध रहेगी। आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए डैशबोर्ड में सभी सेक्टर के पैरामीटर बढ़ाने और अधिक से अधिक जानकारी तैयार करने का काम भी इसमें किया जाएगा।

CM DASHBOARD MADHYA PRADESH Online Monitoring System



देश में अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बाद अब मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सीएम डैशबोर्ड को और व्यापक बनाने के लिए काम शुरू किया गया है। नीति आयोग की मंशा के मुताबिक सबसे पहले सतत विकास लक्ष्य के 17 बिन्दुओं को इसमें शामिल किया जाएगा। नीति आयोग इसकी रैंकिंग भी करता है। इसके साथ ही दूसरा बड़ा बदलाव जिलों में डैशबोर्ड बनाकर उन्हें सीएम डैशबोर्ड से कनेक्ट करने को लेकर होने वाला है। बताया जाता है कि कुछ जिलों ने अपने स्तर पर डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड बनाए हैं उसी तर्ज पर सभी जिलों में डैशबोर्ड बनाकर उन्हें सीएम डैशबोर्ड से कनेक्ट कराया जाएगा। इस डैशबोर्ड में सेक्टरवाइज और इंडेक्सिंग की व्यवस्था को और व्यवस्थित करने के लिए भी प्लानिंग की जा रही है और इसमें पैरामीटर बढ़ाने पर मंथन किया जा रहा है।

### गुजरात के भी बिन्दुओं को किया शामिल

एमपी सीएम डैशबोर्ड को गुजरात सीएम डैशबोर्ड के आधार पर भी और बेहतर बनाए जाने का काम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत अब तक राज्य शासन की प्रमुख योजनाओं एवं उनके की इंडिकेटर्स का चिन्हांकन कर डैशबोर्ड तैयार कर सीएम डैशबोर्ड से लाइव कर दिए गए हैं। डैशबोर्ड को प्रगति पोर्टल से इंटीग्रेट राज्य शासन की प्रमुख परियोजनाओं एवं उनके लक्ष्य तथा प्रगति को डैशबोर्ड पर दशार्या गया है। लोक सेवा गारंटी अंतर्गत नागरिक सेवाओं की प्रगति के मॉनिटरिंग हेतु डैशबोर्ड तैयार कर सीएम डैशबोर्ड पर लाइव किया गया है। विभागीय समीक्षा बैठकों के कार्यवाही बिंदु एवं अनुपालन की जानकारी डैशबोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित की गई है। साथ ही सामयिक विषय गेहूं उपार्जन, गेहूं निर्यात, अमृत सरोवर आदि जानकारी डैशबोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित की गई है।

### चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग ने की चाय पर चर्चा, आचार्य नरेंद्र देव नगर, मराठी मोहल्ला और गोविंद गार्डन में होगा सामुदायिक भवन

# क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने बनेंगे स्व सहायता समूह





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

चिकित्सा शिक्षा मंत्री वश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा में विकास यात्रा के दौरान आचार्य नरेंद्र देव नगर में माता-बहनों के साथ चाय पर चर्चा की। चर्चा के दौरान मंत्री श्री सारंग ने राज्य सरकार द्वारा शुरू की जा रही लाड़ली बहना योजना के बारे में जागरूक किया साथ ही क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने स्व सहायता समूह का गठन करने की भी बात कही। इस दौरान कुछ रहवासियों ने अपनी समस्याएं श्री सारंग के समक्ष रखी। मंत्री सारंग ने त्वरित समाधान करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। यात्रा की शुरूआत आचार्य नरेंद्र देव नगर हनुमान मंदिर से हुई। रहवासियों को सौगात देते हुए मंत्री श्री सारंग ने हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार, मंदिर परिसर के मार्ग का डामरीकरण, आस-पास की नालियों के निर्माण सहित आचार्य नरेंद्र देव नगर, गोविंद गार्डन और मराठी मोहल्ला में सामुदायिक भवन के साथ ही आचार्य नरेंद्र देव नगर में सुलभ कॉम्पलेक्स निर्माण की घोषणा की तथा सी.सी.रोड निर्माण हेतु भूमिपूजन व गोविन्द गार्डन में पार्क का लोकार्पण भी किया। मंत्री सारंग ने कहा कि जनता की माँग पर चिन्हित स्थानों पर गलियों में शीघ्र ही स्ट्रीट लाइट लगाई जायेंगी।

इसी के साथ खराब हो चुकी सड़कों का भी नवीनीकरण किया जायेगा। श्री सारंग ने कहा कि नरेला में निरंतर विकास कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने पदयात्रा कर लोगों से उनकी समस्याए सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान जोन अध्यक्ष, पार्षदगण व गणमान्य नागरिक तथा निगम, जिला प्रशासन एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।


## महापौर मालती राय ने उत्तर विधानसभा के वार्ड 17 में 42 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

इसके अतिरिक्त भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा के दौरान महापौर श्रीमती मालती राय ने लगभग 42 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किया और जन कल्याणकारी योजनाओं के 10 लाभार्थियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र/कार्ड वितरित किए और विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क कर शासन की योजनाओं की जानकारी दी तथा नागरिकों से योजनाओं के लाभ प्राप्ति के संबंध में भी चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य श्री मनोज राठौर सहित अन्य पार्षद व गणमान्य नागरिक व निगम के अधिकारी मौजूद थे।

**नरेला विधानसभा क्षेत्र:** चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग ने विकास यात्रा के दौरान गोविंद गार्डन में जन-सहभागिता से बने पार्क का लोकार्पण किया। इसके साथ ही लगभग 15 लाख रूपये की लागत से गोविंद गार्डन में सी.सी सड़क निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन भी किया।

**भोपाल उत्तर विधानसभा:** विकास यात्रा के दौरान महापौर श्रीमती मालती राय ने उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्र. 17 के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 42 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीमेंट क्रांकीटीकृत सड़कों व नाली के निर्माण, सड़कों के डामरीकरण व संधारण कार्य हेतु भूमिपूजन किया। महापौर श्रीमती राय ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के 10 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र/कार्ड वितरित किए।

## महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मण्डली द्वारा दो दिवसीय मेले का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर के स्टेशन रोड़ स्थित शिव मंदिर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा। इस वर्ष शिव मण्डली द्वारा मध्य प्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी के सहयोग से दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। 17 फरवरी को मेले का उद्घाटन शिव भक्तों द्वारा शाम को 6 बजे किया जायेगा। 17 फरवरी को रात 9:30 बजे से 11:30 बजे तक भगत राम श्याम म्यूजिकल पार्टी संत हिरदाराम नगर एवं रात 11:30 बजे से सुबह 4 बजे तक पवन एवं मुकेश लखनऊ एवं उल्हासनगर वालों की सिंधी भगत का आयोजन किया गया है। 18 फरवरी को सुबह 6 बजे से 10 बजे तक हवन के बाद महाआरती होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे तक आम भण्डारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। शाम 5:30 बजे से 9 बजे तक विपिन नामदेव पार्टी पचोर भोलेबाबा एवं खाटूश्याम की भजन संध्या एवं रात 9:30 बजे से 12 बजे तक भगत पवन कुमार म्युजिकल पार्टी लखनऊ एवं उल्हासनगर के बाद मेले का समापन पल्लव के साथ किया जायेगा।

## दिव्यजीवन संस्था ने वृद्धाआश्रम में बनाया वेलेंटाइंस डे



**संत हिरदाराम नगर।** वेलेंटाइंस डे नौजवानों का दिन माना जाता है, ये दिन युवक युवतियों में उत्साह के साथ बनाया जाता है पर इस बार दिव्यजीवन संस्था के सदस्यों ने वैलेंटाइंस डे को वृद्ध आश्रम में सही रूप से मनाया। दिव्यजीवन संस्था की संस्थापक डॉ दिव्या भरथरे ने बताया कि वृद्धाआश्रम में रहने वाले बुजुर्ग माता-पिता प्यार व स्नेह की कमी महसूस करते है इसी को देखते हुए दिव्यजीवन संस्था ने वेलेंटाइंस डे आसरा वृद्धाआश्रम में बनाने का निर्णय लिया। संस्था के सदस्यों ने वृद्धजन को रेड रोज दिए उनके साथ अंतराक्षी भी खेली, संस्था द्वारा वृद्धजन को चादर भी वितरित किए

## महापौर ने हमीदिया महाविद्यालय का किया निरीक्षण, प्राचार्य से की चर्चा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

महापौर मालती राय ने बुधवारा हाथीखाना स्थित शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं उसके आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर राय ने महाविद्यालयों की प्राचार्या व जनभागीदारी समिति के सदस्यों से चर्चा की। महापौर श्रीमती राय ने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि महाविद्यालय क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से निरंतरता के साथ सुनिश्चित कराएं। श्रीमती राय ने आवागमन की सुविधा के दृष्टिगत कॉलेज के पहुंच मार्ग व आसपास के अतिक्रमणों को हटाने, ठेले को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इससे पहले महापौर श्रीमती राय का स्वागत महाविद्यालय के प्राध्यापकों व जनभागीदारी समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम के अधिकारी मौजूद थे।

**महापौर हेल्पलाइन की समीक्षा की:** महापौर ने ''महापौर हेल्पलाइन'' पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण संबंधी कार्यवाही की समीक्षा की और लंबित शिकायतों को आज (मंगलवार, 14 फरवरी 2023) शाम तक निराकृत कर दूरभाष पर अवगत कराने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती राय ने शिकायतकर्ताओं से भी दूरभाष पर चर्चा की और समस्याओं के निराकरण के संबंध में फीडबेक लिया। महापौर मालती राय ने नागरिकों की समस्याओं विशेषकर महिलाओं की शिकायतों/समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रारंभ की गई ''महापौर हेल्पलाइन'' की मंगलवार को समीक्षा की। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती राय को अवगत कराया गया कि महापौर हेल्पलाइन में फरवरी माह में अभी तक 420 शिकायते प्राप्त हुई है जिनमें से 386 शिकायतों को संतुष्टिपूर्ण ढंग से निराकृत कर दिया गया है और शेष 34 शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। महापौर श्रीमती राय ने अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित किया कि सीवेज आदि की पेंडिंग समस्याओं को आज शाम तक निराकृत कर दूरभाष पर अवगत कराएं। महापौर श्रीमती राय ने वार्ड क्र. 15 में नाली की तत्काल सफाई हेतु संबंधित जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। महापौर श्रीमती राय ने महापौर हेल्प लाइन पर प्राप्त शिकायतों का कम्प्यूटर पर अवलोकन किया और साफ-सफाई और गाय के घायल होने व एम.पी.ई.बी द्वारा विद्युत लाईनों के रख-रखाव के दौरान काटी गई पेड़ों की झाड़ियों आदि की छटाई आदि के बाद सफाई संबंधी शिकायतों के संबंध में शिकायतकर्ताओं से चर्चा की।

**पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि:** महापौर मालती राय ने पुलवामा शहीद दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में सम्मिलित होकर पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शिविर आयोनकर्ताओं व रक्तदानकर्ताओं की भावनाओं की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर शिविर आयोजन समिति मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## भोपाल से कलकत्ता वाया कटनी-सतना, प्रयागराज, गया होकर ट्रेन चलाने की मांग

**भोपाल।** भारतीय मानवाधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकनाथ चौधरी एवं प्रदेशाध्यक्ष अरुण वर्मा ने बताया कि भोपाल से प्रयागराज गया एवं जैन तीर्थ स्थल के लिए कोई ट्रेन नही होने कि वजह से भोपाल के जन मानस को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है प्रदेशाध्यक्ष अरुण वर्मा यह भी बताया कि संत हिरदाराम

(बैरा गढ़) स्टेशन से प्रयागराज होकर कलकत्ता के लिए एक मात्र ट्रेन है जो कि सप्ताह मे तीन दिन 3.35,रू सुबह चलती है इस ट्रेन मे जाने के लिए भोपाल वासियों को उक्त ट्रेन पकड़ने के लिए आधी रात को जाना पड़ता है जिसके कारण यात्रियों को बहुत ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है जबकि भोपाल से भारी संख्या मे यात्रियों को धार्मिक सामाजिक पारिवारिक कार्यों के लिए प्रयागराज गया एवं जैन तीर्थ स्थल जाना आना पड़ता है जिसके लिए भोपाल या हबीबगंज से प्रयागराज गया जैन तीर्थ स्थल होकर कलकत्ता के लिए एक ट्रेन चलाना अत्यावश्यक है

अत: भारतीय मानवाधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकनाथ चौधरी एवं प्रदेशाध्यक्ष अरुण वर्मा ने मान्यनीय प्रधानमंत्री महोदय एवं रेल मन्त्री महोदय से अनुरोध किया है कि यात्रियों की परेशानियों को देखते भोपाल या हबीबगंज से प्रयागराज गया जैन तीर्थ स्थल होकर कलकत्ता के लिए एक ट्रेन चलाई जाए उक्त माँग का समर्थन करने वालों में प्रो. कलिका प्रसाद यादव अनिल बाजपेई एन एस यशलहा श्यामसुंदर शर्मा सुरसरी प्रसाद मिश्रा अशोक पाटिल गोपाल सिंह चौहान प्रवीण दीघर्रा सोहेल खान पी सी जैन व्ही एम वर्गीस लाल मोहम्मद एस सी त्रिपाठी वाय पी त्रिपाठी जमील खान व्ही के शुक्ला अखिलेश दुबे पी एल शर्मा श्री निवास वर्मा संजय जैन चिंतामणि रहंगडाले नरेन्द्र सिंह महेश शर्मा महेश सिंह बाबू खान मोहन लाल वर्मा आदि शामिल हैं

# टीला जमालपुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना में बनेंगे गरीबों के लिए मकान

## निगम आयुक्त ने आवासीय परियोजना में प्रस्तावित स्थलों का किया निरीक्षण



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी ने टीला जमालपुरा क्षेत्र एवं भौरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासीय परियोजना में प्रस्तावित स्थलों व प्रचलित कार्यों का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने टीला जमालपुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ईडब्ल्यूएस आवास निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने भौरी क्षेत्र में आवासीय परियोजना स्थल का निरीक्षण किया और प्रचलित कार्यों के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने एलआईजी एवं ईडब्ल्यूएस आवासों के निर्माण कार्यों में गति बढ़ाने के साथ ही सड़क की मार्किंग करने, बाउंड्रीवाल निर्माण तथा विद्युत सबस्टेशन हेतु रिटार्निंग वाल बनाकर स्थान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त चन्द्र प्रताप गोहल, अधीक्षण यंत्री आर.के.सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत टीला जमालपुरा क्षेत्र में प्रस्तावित आवासीय परियोजना स्थल का निरीक्षण किया और प्रस्तावित कार्यों के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। टीला जमालपुरा हरिजन बस्ती क्षेत्र में गरीबों के लिए जी3 पेटर्न पर सर्व सुविधायुक्त ईडब्ल्यूएस आवासों के 03 ब्लाक बनाये जाना प्रस्तावित है जो स्थानीय रहवासियों को आवंटित किये जायेंगे। निगम आयुक्त ने भौरी में प्रस्तावित आवासीय परियोजना स्थल का निरीक्षण किया और परियोजना के प्रचलित कार्यों की गति बढ़ाने के साथ ही गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश दिए। भौरी परियोजना अंतर्गत जी3 पेटर्न पर ईडब्ल्यूएस आवासों के 36 ब्लाक प्रस्तावित हैं जिनमें 01 हजार 08 स्लम/नॉन स्लम ईडब्ल्यूएस आवासों के साथ ही 300 एलआईजी तथा एमआईजी आवासों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। निगम आयुक्त चौधरी ने विस्तृत परियोजना में आवश्यकता के अनुरूप विद्युत सब स्टेशन स्थापना हेतु रिटर्निंगवाल बनाकर स्थान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने खुली भूमि का सीमांकन कराने तथा सड़क निर्माण हेतु मार्किंग करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने परियोजना स्थल के चारों ओर निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल का निर्माण तीव्रगति से करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने झुग्गी बस्तियों का सर्वे करने के निर्देश दिए जिससे उन बस्तियों में निवासरत गरीब परिवारों को बेहतर सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराये जा सकें।

## फूडग्रेंस ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा जारी रहेगा निविदाओं का बहिष्कार



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश फूडग्रेंस ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन की आज एक महत्वपूर्ण बैठक भोपाल में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता मध्य प्रदेश फूडग्रेंस ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ ने की इस बैठक में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से ट्रांसपोर्टर्स सम्मिलित हुए एवं मध्य प्रदेश सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन द्वारा टेंडर शर्तों में किए गए बदलाव के विरोध में बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया साथ ही सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन एवं मार्कफेड द्वारा बकाया भुगतान को स्वीकृत कराने के लिए भी आगामी रणनीति तय की गई एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने भरोसा जताया कि एसोसिएशन के सभी सदस्य सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन एवं मार्कफेड द्वारा जारी निविदाओं का तब तक बहिष्कार जारी रखेंगे जब तक कि उन्हें पूर्ववत नहीं किया जाता।

# एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन ने किया टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन

**भोपाल।** एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा एमईएस ग्राउंड पर अपने संस्थापक सदस्यों एसएन खुल्लर, बीएल उपाध्याय स्मृति टी20 मैच का आयोजन किया एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष पीयूष मिश्रा ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा अपने पूर्व दो संस्थापक सदस्य एस एन खुल्लर एवं बीएल उपाध्याय की स्मृति में प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है आज के कार्यक्रम में कमांड वर्क इंजीनियर बी एस लसपाल मुख्य अतिथि उपस्थित रहे क्रिकेट मैच में तीन टीमें एम ई एस बिल्डर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश जी दोणांचल एवं जी भोपाल पार्टिसिपेट कर रही है मुख्य अतिथि बी एस लसपाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी सामान्य से बढ़ता है जिससे हम देश के प्रति और बेहतर कार्य कर सकते हैं एमईएस बिल्डर्स



एसोसिएशन मध्य प्रदेश भी सेना का ही एक हिस्सा मानकर हम चलते हैं कल इस क्रिकेट मैच का फाइनल होगा इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे इस अवसर पर सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया है।

## स्वरोजगार योजना के आवेदन 28 तक

**भोपाल ।** जिले में मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम/स्वरोजगार योजना में ऑनलाइन आवेदन पोर्टल samast.mponline.gov.in पर आमंत्रित किये गये है। आवेदक पोर्टल पर आवेदन तैयार कर पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग कार्यालय में 28 फरवरी तक आवेदन की हार्ड कॉपी 2 प्रतियों में अनिवार्य रूप से जमा कराये। मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक उद्यम योजनाओं में हितग्राही के परिवार की वार्षिक आय 12.00 लाख से अधिक न हो। हितग्राही न्यूनतम 12वीं पास होना अनिवार्य है। हितग्राही को स्वरोजगार योजना के लिए डीजीटल स्थाई जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण-पत्र, निवासी प्रमाण-पत्र, परियोजना प्रारूप, आधार कार्ड, उम्र 18 से 40 वर्ष होना अनिवार्य है। उद्यम योजना के लिए भौतिक लक्ष्य 40 का है। परियोजना सीमा उद्योग (विनिर्माण हेतु) बैंक द्वारा 1 लाख से 50 लाख रूपये तक एवं सेवा ईकाई के लिए 01 लाख से 25 लाख रूपये तक ऋण दिया जायेगा। योजनान्तर्गत बैंक द्वारा वितरित/शेष ऋण पर 3 प्रतिशत की दर से ब्याज सबवेशन, अधिकतम 7 वर्षो तक नियमित रूप से ऋण भुगतान निर्धारित समय एवं राशि जमा करने की शर्त पर नियम द्वारा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजनाओं में हितग्राही आयकर दाता न हो। हितग्राही को स्वरोजगार योजना के लिए डीजीटल स्थाई जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण-पत्र, निवासी प्रमाण-पत्र, परियोजना प्रारूप, आधार कार्ड, उम्र 18 से 55 वर्ष होना अनिवार्य है। परियोजना सीमा स्वरोजगार हेतु बैंक द्वारा 10 हजार से 01 लाख रूपये का ऋण दिया जायेगा। योजनान्तर्गत बैंक द्वारा वितरित/शेष ऋण पर 3 प्रतिशत की दर से ब्याज सबवेशन, अधिकतम 7 वर्षो तक नियमित रूप से ऋण भुगतान निर्धारित समय एवं राशि जमा करने की शर्त पर नियम द्वारा दिया जाएगा।

आम जनता की सुविधा के लिए परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत की एक और पहल

# अब घर बैठे डाक से भी मंगा सकेंगे ड्रायविंग लायसेंस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



आम जनता की सुविधा के लिए प्रदेश का परिवहन विभाग एक बड़ा नवाचार करने जा रहा है। ऑनलाइन ड्रायविंग लायसेंस बनने के बाद अब अपना ड्रायविंग लायसेंस स्वयं जाने की जगह डाक से मंगा सकते है। मंगलवार को मंत्रालय में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में इस पर चर्चा की गई । बैठक में राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, प्रमुख सचिव, परिवहन फैज अहमद किदवई, परिवहन आयुक्त संजय कुमार झा सहित परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे । उक्त नवाचार की जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से दूर दराज रहने वाले आवेदक अपना ड्रायविंग लायसेंस स्पीड पोस्ट से घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे। परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले आवेदकों को ड्रायविंग लायसेंस लेने के लिए आरटीओ कार्यालय के चक्कर लगाना नहीं पड़ेंगे। अब उन्हें काउन्टर से लायसेंस प्राप्त करने के साथ परिवहन विभाग स्पीड पोस्ट से ड्रायविंग लायसेंस उनके घर भिजवाएगा। आवेदक को अपना आवेदन करते समय उसमें दोनो ऑप्शन में से एक चुनना होगा। स्पीड पोस्ट का व्यय आवेदक को स्वयं वहन करना होगा। परिवहन विभाग के द्वारा प्रारंभ की जाने वाली नई व्यवस्था से आम जनता को समय की बचत के साथ-साथ परिवहन कार्यालय जाने की समस्या से निजात मिल जावेगी । श्री राजपूत ने बताया कि ड्रायविंग लायसेंस को घर पहुंचाने की सुविधा के सुचारू संचालन के लिए परिवहन विभाग जल्द ही डाक विभाग से अनुबंध करेगा । अभी इसे पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में किसी एक जिले से प्रारम्भ किया जाएगा। उसके गुण-दोष के आधार पर उसे अन्य जिलों में भी लागू किया जाएगा।

**नेशनल परमिट के टैक्स में की जाएगी कमी:** बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन फैज अहमद किदवई ने बताया कि कई स्वरूप में बसों के ऑल इंडिया परमिट के लिए प्रति सीट टैक्स में कमी का प्रस्ताव रखा गया। इसी प्रकार राज्य के बाहर से आने वाली ऐसी बसें जो फैक्ट्री में स्टाफ को लाने ले जाने के लिए अनुबंधित हैं, पर टैक्स का प्रावधान रखा गया है। अभी तक इस प्रकार के वाहनों पर कोई टैक्स नहीं लिया जाता। इसी प्रकार की स्कूल बसों पर प्रति सीट प्रति वर्ष की दर से टैक्स का प्रावधान रखा गया है।

### 1 अप्रैल तक ही चल सकेंगे 15 साल पुराने सरकारी वाहन

परिवहन मंत्री राजपूत ने कहा कि 15 वर्ष पुराने शासकीय वाहन अब 1 अप्रैल तक ही मान्य होंगें। संबंधित विभागों को अपने वाहन मान्यता प्राप्त स्क्रेपिंग एजेन्सी में स्क्रैप कराना होंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग चार हजार शासकीय वाहन 15 वर्ष से अधिक पुराने हैं। मंत्री राजपूत ने कहा कि परिवहन नीति में नए टैक्स आमजन के लिए काफी लचीले और फायदेमंद होंगे। इससे जहाँ शासन के खाते में राजस्व की वृद्धि होगी वहीं वाहन मालिक भी इससे लाभान्वित होंगे।

# जगदीशपुर को 308 वर्ष बाद मिली खोई हुई पहचानः चौहान



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 308 वर्ष बाद जगदीशपुर को खोई हुई पहचान मिल रही है। इस्लामनगर अब जगदीशपुर के नाम से जाना जाएगा। श्री चौहान जगदीशपुर के चमन महल में गौरव दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 26 करोड़ 71 लाख 86 हजार रूपए के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने जगदीशपुर नामकरण शिला का अनावरण भी किया।

श्री चौहान ने कहा कि ऐतिहासिक दृष्टि से जगदीशपुर देवड़ा राजपूतों का गढ़ था। दोस्त मोहम्मद खान ने जगदीशपुर पर अधिकार कर इसका नाम इस्लामनगर रख दिया। पर्यटन स्थल जगदीशपुर में गोंड महल, रानी महल एवं चमन महल प्रमुख हैं। सांसद सुश्री साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, विधायक विष्णु खत्री, अध्यक्ष एमपी स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन शैतान सिंह पाल और केदार सिंह मण्डलोई उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज हम सबका मन आनंद और प्रसन्नता से भरा हुआ है। अफगानी ने 308 साल पहले अन्याय और बर्बरता की थी। उसने धोखा दिया था। जगदीशपुर राजपूतों ने बसाया था। यहाँ के शासक नरसिंह देवड़ा थे। जगदीशपुर का किला अपनी वास्तु-कला के लिए जाना जाता है। दोस्त मोहम्मद खान ने राजा नरसिंह देवड़ा को निमंत्रण दिया था और भोजन करते समय हत्या कर दी गई। रानियों ने जल जौहर कर लिया था। आजादी के 75 साल बाद आज हम फिर से जगदीशपुर नाम कर पाए हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि असंभव को संभव करने का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और वर्तमान सरकार कर रही है। पुराने और गौरवशाली नामों को पुर्नस्थापित किया जाना चाहिए। इतिहास की घटनाओं को ध्यान में रखकर नाम बदलने का क्रम चल रहा है। हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रानी कमलापति किया गया है। ऐसे कई नामों को बदला जाएगा। जगदीशपुर का वैभव पुनः स्थापित किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि गाँवों का मास्टर प्लान बनाया जाए। जगदीशपुर ऐसा गाँव बने कि लोग देखते रह जाये। उन्होंने कहा कि यहाँ राजाओं का स्मारक बनाया जाएगा।

# ग्राम परासी में जन जातीय कार्य मंत्री ने ग्रामीणों को हितलाभ वितरित किए

**भोपाल।** जन-जातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह ने उमरिया जिले की मानपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परासी में विकास यात्रा में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस अवसर पर मंत्री सुश्री सिंह द्वारा सीसी रोड निर्माण का भूमि-पूजन, सामुदायिक भवन का शिलान्यास, चेकडैम निर्माण कार्य का भूमि-पूजन, पुलिया निर्माण का शिलान्यास किया गया। मंत्री सुश्री सिंह ने कहा कि यह विकास यात्रा गाँव-गाँव से गुजरेगी जिसका उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ गाँव, गरीब तथा आमजन तक पहुँचाना तथा छूटे हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करना साथ ही स्थानीय समस्याओं का निराकरण करना है। किसानों को किसान सम्मान निधि, बच्चों को पढने के लिए पुस्तक, गणवेश, मध्याह्न भोजन, छात्र वृत्ति दी जा रही है। स्व-सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार से जोड़ने तथा प्रसूति सहायता योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास यात्रा के माध्यम से हर गाँव पहुँचकर पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने का अवसर दिया है।

प्रदेश सरकार गाँव गरीब के कल्याण के लिए संकल्पित है, सरकार महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण चाहती है, मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आयकर दाता तथा नौकरी वाली महिलाओं को छोड़कर सभी महिलाओं को लाडली बहना योजना के तहत एक हजार रुपये प्रतिमाह देने का निर्णय लिया है। बैगा परिवार की महिला को आहार अनुदान योजना के तहत एक हजार रूपये प्रति माह प्रदान किए जा रहे हैं। विकास यात्रा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। यात्रा के दौरान योजनाओं में हितग्राहियों का चयन तथा समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

## मोरवन की विकास यात्रा में ग्रामीणों से रूबरू हुए मंत्री सखलेचा

**भोपाल।** विकास यात्रा हर वर्ग के विकास को लेकर ग्रामीणों के द्वार आई है। इस यात्रा से शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों से आमजनो को लाभान्वित कराया जा रहा है। यह बात प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने मंगलवार को नीमच जिले के जावद के मोरवन में विकास यात्रा के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कही। विकास यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत मोरवन में मंत्री सखलेचा ने विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी एवं आमजन से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने का विश्वास दिलाया। एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने इस मौके पर ग्राम पंचायत को स्वच्छता रथ, लाड़ली लक्ष्मी योजना की लाड़लियों को प्रमाण पत्र और आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल परीक्षण किट प्रदान किए। विकास यात्रा के दौरान एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने ग्राम पंचायत रूपपुरा में 142 लाख 25 हजार रुपए की लागत की नल जल योजना का एवं छह लाख रूपये लागत के आँगनवाड़ी केंद्र भवन का लोकार्पण किया। रानी पुरिया में 14 लाख 55 हजार की लागत के अमृत सरोवर निर्माण कार्य का भूमि-पूजन कर शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर जन-प्रतिनिधि गणमान्य नागरिक अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब ऑफ़ अरेरा के कलाकारों ने अनोखे अंदाज में मनाया अपना घर वृद्धाश्रम में वेलेंटाइन डे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




वेलेंटाइन की संध्या पर अपना घर वृद्धाश्रम मे उपस्थित वृद्धजन सहित उपस्थित हर शख्स की आंखे नम हो गई इस अवसर पर जिंदगी प्यार का गीत है, जीवन के दिन छोटे सही, गाता रहे मेरा दिल जैसे रोमांटिक सदाबहार गानों से इस संध्या का आगाज हुआ। मौका था अपना घर वृद्धाश्रम मे रोटरी क्लब ऑफ़ भोपाल अरेरा द्वारा आयोजित संगीत संध्या कार्यक्रम शीर्षक तुमी मेरे मंदिर कही मेरी पूजा तुम्ही देवता हो का। पाशचात्य दिवस वेलेंटाइन डे और हिंदुस्तानी का हर ताना बाना वह भी उन बुजुर्गो के बीच जिनके अपनों ने ही उन्हें बेसहारा छोड़ दिया। उनके बीच रोटरी क्लब ऑफ़ भोपाल अरेरा के कलाकारों ने गीत संगीत एवं नृत्य की ऐसी बानगी पेश की जिन्हें सुनकर समूचा अपना घर प्रांगण भाव विभोर हो उठा। गीतों मे जब उमेश मिश्रा ने जिंदगी हसने गाने के लिए है अबू है अंजू ने जिंदगी प्यार का गीत है पेश किया तो उपस्थित जन मानो झूम उठे। अन्य कलाकारों में नितिन जी ने हमें तुमसे प्यार कितना अनिल व पुष्पा चौहान ने लुटे कोई मन का डगर. संजय सक्सेना ने हुजूर इस कदर भी न इतरा के चलिए अजय मिश्रा ने गाता रहे मेरा दिल, ईशान जैन जो तुमने मुझे देखा होकर मेहरबा दिनेश डावर ने तुझे देखा तो ये जाना सनम, सपना ने साचा तेरा नाम, प्रीति जलज ने चाँद तारे गवाह हैं वीरेश ने तारों मे सजके नरेंद्र शर्मा ने नीले नीले अम्बर पे सहित अमृता आशीष तिवारी ने शीर्षक गीत तुम्हीं मेरे मंदिर की मंदिर तुम्ही मेरी पूजा की गायकी से इबादत और मोहब्बत के नगमें बिखेरे. सभी ने रूहानियत एवं रोमांच का माहौल बना दिया। अमृता आशीष तिवारी ने कहा की कई शैली और विविधताओं के बीच भारतीय गीत संगीत की परम्परा आज पूरी तरह कायम हैं गीत संगीत एवं नृत्य का इतिहास आदिकाल से चला आ रहा है यही वजह है की हमारे क्लब द्वारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रम में हमें जनमानस का पूर्ण सहयोग मिलता है।

जहां तक आधुनिक संगीत का प्रश्न है तो मैं तो यह कहूंगी कि परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है लेकिन सदियों काल से गाये जा रहे गीत आज भी क़ायम है उन्होंने यह भी कि परम्परा और परिवर्तन हो इसी तरह कायम रहे तो भारतीय संगीत सदैव जीवित रहेगा। यह एक ऐसी मजबूत जड़ है जो आने वाले हजारों लाखों वर्षों तक कायम रहेगी और केवल देश ही. पद अपितु विदेश मे भी हमारा गीत संगीत कायम रहेगा उन्होंने कहा कि हमारे क्लब मे की कमी नही है जरुरत है उन्हें मंच देने की इसलिए वह संगीत रूपी थेरेपी से जनसमुदाय मे नई ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन करती रहती हैं गायकी से आत्मीयता रूह के जरिये एक दूसरे मे उतरती है। कार्यक्रम में क्लब के 6 शोकिया फंकारों ने अपनी प्रस्तुतिया दी। क्लब के कलाकार. वृद्धजन. उपस्थित श्रोता गण व अपना घर वृद्धआश्रम की संचालिका माधुरी मिश्रा की सालगिरह और उस पर बुलंद आवाजों के ताने बाने का आयोजन व डांस का माहौल ऐसा लग रहा था मानो आत्मा का परमात्मा से मिलन हो रहा है उक्त कार्यक्रम में अपना घर के सभी वृद्ध जनों का रोटरी क्लब ऑफ़ भोपाल अरेरा की ओर से शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित भी किया गया अपना घर की संचालक माधुरी मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# निगमों, मंडलों के कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता बढ़ा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राज्य शासन ने छटवें वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों के मंहगाई भत्ते में 9 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। इसी प्रकार राज्य शासन के उपक्रमों/निगमों/मंडलों तथा अनुदान प्राप्त संस्थाओं के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों के मंहगाई भत्तों में भी वृद्धि की गई है। राज्य शासन द्वारा आज इस आशय के आदेश जारी कर दिये गये हैं। आदेश के अनुसार अब 1 जनवरी 2023 से (भुगतान माह फरवरी 2023) से बढ़े हुए महंगाई भत्ते की दर लागू होगी। अब मंहगाई भत्ते की दर बढ़ कर 203 प्रतिशत से बढ़ कर 212 प्रतिशत हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि 1 अगस्त 2022 से 203 प्रतिशत की दर से मंहगाई भत्ता दिया जा रहा था। महंगाई भत्ता दर में 50 पैसे अथवा उससे अधिक पैसे को अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित अंकित किया जाएगा और 50 पैसे से कम राशि को छोड़ दिया जाएगा। मंहगाई भत्ते का कोई भी भाग किसी भी प्रयोजन हेतु वेतन के रूप में नहीं माना जाएगा। राज्य शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं शासकीय सेवकों को महंगाई भत्ते के भुगतान पर किया गया व्यय संबंधित विभाग के चालू वर्ष के स्वीकृत बजट के प्रावधान से अधिक नहीं हो।

राज्य शासन के उपक्रम/निगम/मंडल तथा अनुदान प्राप्त संस्थाओं के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों के मंहगाई भत्तों में भी वृद्धि की गई है। ऐसे कर्मचारियों, जो चतुर्थ वेतनमान या पाँचवें वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे हैं, को अब एक जनवरी 2023 - भुगतान माह फरवरी 2023 - से मूल वेतन एवं व्यक्तिगत वेतन में मंहगाई दर में 40 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए कुल 1265 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ मिलेगा।

## नागरिकों की सुविधा के लिये अवकाश दिवसों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**भोपाल।** नागरिकों की सुविधा के लिये मार्च में होली को छोड़ कर शेष अवकाश के दिनों में भी दस्तावेज के पंजीयन के लिये सभी परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन कार्यालय एवं वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालयों को खुले रखने का निर्णय लिया गया है। अवकाश के दिनों में भी नागरिक पंजीयन सुविधा का लाभ लेते हुए पंजीयन संबंधी कार्यवाई कर सकते हैं। राज्य शासन ने सभी संबंधित कार्यालयों को इस संबंध में निर्देश जारी किये गये है। उल्लेखनीय है कि राजस्व की दृष्टि से माह मार्च 2023 अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस महीने में होली को छोड़ कर सभी सार्वजनिक अवकाश में सभी जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन एवं शासकीय कार्य के लिये खुले रखने का निर्णय लिया गया है। सभी संबंधित कार्यालय सार्वजनिक अवकाश 22, 23, 30 मार्च तथा शनिवार अवकाश दिवस 18 एवं 25 को खुले रहेंगे। सभी परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन को उनके कार्य क्षेत्र में आने वाले पंजीयन कार्यालय खोले रखने के निर्देश दिये गये हैं।

# बिजली का अवैध उपयोग करने वाले 2 लोगों पर एफआईआर दर्ज

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मुरैना के गड़ोरापुरा में दो लोगों द्वारा अमानक स्तर के बिजली तारों का लाइन के रूप में इस्तेमाल करते हुए अवैधानिक रूप से बिजली का उपयोग करने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करने के साथ ही सिविल लाइन थाना मुरैना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक मुरैना श्री पी.के.शर्मा ने बताया है कि मुरैना प्रथम संभाग के गड़ोरापुरा में चेकिंग के दौरान श्री अजय जोनवार पुत्र श्री राकेश जोनवार द्वारा प्रतिबंधित तारों का उपयोग कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर 16 हजार 549 रूपये का देयक जारी किया गया है। इसी प्रकार गडोरापुरा निवासी श्री विनोद शर्मा पुत्र श्री रामसेवक शर्मा पर प्रतिबंधित तारों का उपयोग कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर 20 हजार 622 रूपये का देयक जारी किया गया है। गौरतलब है कि इसी संदर्भ में जिला दण्डाधिकारी मुरैना एवं भिण?ड द्वारा कंपनी द्वारा भेजे गए पत्र को संज्ञान में लेते हुए भिण?ड जिले में अवैधानिक रूप से विद्युत के उपयोग में अमानक स्तर के तथा सफेद तारों का बिजली लाइन के रूप में उपयोग करने से होने वाली घातक विद्युत दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अधीन जिले की सीमा क्षेत्र में अमानक तारों को तत्काल प्रभाव से हटाने तथा प्रतिबंधित तारों का उपयोग करने वालों के खिलाफ आईपीसी की धाराओं में कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गये हैं।कंपनी ने कहा है कि अमानक सफेद रंग के बिजली तारों का उपयोग, बिजली चोरी एवं अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना अपराध है और बिजली चोरी एवं अनधिकृत रूप से विद्युत का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### 17 को सीहोर में किया जाएगा विद्युत शिकायतों का निराकरण

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीहोर वृत्त में बिजली उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की जनसुनवाई की जायेगी। जनसुनवाई सीहोर वृत्त कार्यालय, दशहरा वाला बाग, मंत्री पेट्रोल पंप के पास इंदौर नाका में प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक की जाएगी। कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि जनसुनवाई के माध्यम से बिजली उपभोक्ता अपनी विद्युत संबंधी शिकायतों का निराकरण जरूर करवायें।

## दीनदयाल अंत्योदय योजना में 64 हजार सेअधिक व्यक्तियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**भोपाल।** दीनदयाल शहरी आजीविका मिशन के कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार घटक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निकायों के लक्ष्यों का निर्धारण किया गया है। कुल 127 प्रशिक्षण संस्थाओं के 64 हजार 200 व्यक्तियों के प्रशिक्षण का लक्ष्य दिया गया है। इन लक्ष्यों में मुख्य रूप से नवगठित नगर परिषदों एवं ऐसे निकाय, जिन्होंने विगत वर्ष के लक्ष्य के विरूद्ध अच्छा कार्य किया है, उन्हें वरीयता दी गई है। कुल 64 हजार 200 प्रशिक्षणार्थियों के लक्ष्य को प्रगति के आधार पर श्रेणीवार (×क्ष) किया गया है। इसमें से श्रेणी की 87 संस्थाओं में से प्रत्येक को 600 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य एवं श्रेणी क्ष की 40 संस्थाओं में से प्रत्येक को 300 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य दिया गया है। निकाय यह प्रशिक्षण स्किल गेप एनालिसिस के आधार पर करेंगे। निकायों में आयोजित विकास यात्राओं में वार्डवार शिविर लगाकर युवाओं से प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाएगें। प्रशिक्षण जिला स्तरीय कौशल संवर्धन समिति के पर्यवेक्षण एवं निगरानी में किया जायेगा।

स म्पा द की य

# बीबीसी पर छापे

बीबीसी यानि ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन। दुनिया भर में निष्पक्ष समाचारों के लिए प्रसिद्ध एक नाम। पिछले दिनों ही जब उसने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर एक डाक्यूमेंट्री बनाई। उसके बाद हमारे यहां तूफान खड़ा हो गया। और कुछ ही दिन बाद बीबीसी के दिल्ली और मुंबई कार्यालयों पर आयकर विभाग की छापेमारी हो गई। सवाल तो उठेगा ही, क्या आयकर का सर्वे बनाम छापा, सामान्य तौर पर की गई कार्रवाई है? या डाक्यूमेंटी बनाने के बाद सरकार के संकेत पर की गई बदले की कार्रवाई?

यहां विचारणीय दो मुद्दे हैं। पहला मुद्दा तो आयकर, सीबीआई और ईडी जैसी संस्थाओं की बनती इमेज। दूसरा मुद्दा बीबीसी वाला है। जहां तक इन संस्थाओं की इमेज यानि प्रतिष्ठा की बात है, तो पिछले कुछ वर्षों में लगातार गिरी ही है। इन्हें सरकार की जेबी संस्थाओं के रूप में अधिक जाना जाता है। विपक्ष हमलावर है और सरकार की तरफ से शायद ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा, जिससे विपक्ष के आरोप नकारे जा सकें। आयकर, सीबीआई और ईडी को सीधे-सीधे सरकार के हथियार के रूप में ही देखा जाने लगा है। इसके पीछे प्रमुख कारण, इनकी छापामारी या कार्रवाई की हद है, जो केवल विपक्षी नेताओं या उन संस्थाओं, कारोबारियों तक ही सीमित रही है, जो सरकार के खिलाफ माने जाते हैं।

इसीलिए आज बीबीसी पर मारे गए छापों की चर्चा हो रही है। यदि इस समाचार एजेंसी की बात करें तो बीबीसी उस देश से संबंधित समाचार माध्यम है, जहां प्रधानमंत्री अपनी गलती होने पर अर्थदंड भुगतने को तैयार रहता है। कुछ ही दिन पहले ब्रिटेन की संसद में बीबीसी का ब्यौरा रखा गया था। वो हिसाब-किताब का ब्यौरा था। इसमें उसकी पूरी जानकारी दी गई थी। इतनी पारदर्शिता भारतीय संस्थाओं में कभी नहीं देखी गई। शायद, हमारे आयकर विभाग के पास इसकी जानकारी नहीं होगी, ऐसा कहा जा रहा है, क्योंकि आर्थिक ब्यौरा यदि किसी सदन के पटल पर रखा जाता है, तो फिर उसके बाद उसके सर्वे की आवश्यकता ही समाप्त हो जाना चाहिए, ऐसा माना जाता है।

बीबीसी के छापों का मुद्दा केवल भारत तक ही सिमट कर रह जाएगा, ऐसा भी नहीं है। बात निकली है तो दूर तक तो जाएगी। इसके बाद भी बीबीसी का रवैया पूरी तरह से संतुलित देखा गया। जिस तरह से बीबीसी दूसरों के बारे में समाचार लोगों तक पहुंचाती रही है, वैसे ही खुद के बारे में भी सूचना दे रही है। जिस डॉक्यूमेंट्री को आयकर छापों की वजह माना जा रहा है, उसकी जानकारी भी बीबीसी की वेबसाइट पर है कि बीबीसी ने हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण किया था, जिसके कुछ हफ्ते बाद नई दिल्ली और मुंबई स्थित दफ़्तरों की तलाशी ली गई हालाँकि ये डॉक्यूमेंट्री भारत में प्रसारण के लिए नहीं थी। यह डॉक्यूमेंट्री 2002 के गुजरात दंगों पर थी। उस समय भारत के मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। इस डॉक्यूमेंट्री में कई लोगों ने गुजरात दंगों के दौरान नरेंद्र मोदी की भूमिका पर सवाल उठाए थे। केंद्र सरकार ने इस डॉक्यूमेंट्री को प्रौपेगैंडा और औपनिवेशिक मानसिकता के साथ भारत-विरोधी बताते हुए भारत में इसे ऑनलाइन शेयर करने से ब्लॉक करने की कोशिश की।

बीबीसी का कहना था कि भारत सरकार को इस डॉक्यूमेंट्री पर अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया था, लेकिन सरकार की ओर से इस पेशकश पर कोई जवाब नहीं मिला। बीबीसी का कहना है कि इस डॉक्यूमेंट्री पर पूरी गंभीरता के साथ रिसर्च किया गया, कई आवाजों और गवाहों को शामिल किया गया और विशेषज्ञों की राय ली गई और हमने बीजेपी के लोगों समेत कई तरह के विचारों को भी शामिल किया। बीते महीने, दिल्ली में पुलिस ने इस डॉक्यूमेंट्री को देखने के लिए इकट्ठा हुए कुछ छात्रों को हिरासत में भी लिया था। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय समेत देश की कई यूनिवर्सिटी में इस डॉक्यूमेंट्री की प्रदर्शित किया गया था।

अब ये छापे वास्तव में डाक्यूमेंट्री को प्रसारित करने की प्रतिक्रिया है, तो इसे ठीक नहीं कहा जा सकता। आयकर विभाग को छापे के बाद आज नहीं, कुछ दिन बाद ही सही, ये सार्वजनिक करना चाहिए कि छापों के दौरान क्या गड़बड़ियां मिलीं? इन छापों का देश में ही विरोध शुरू हो गया है। कारण, मुद्दा बीबीसी का नहीं, मीडिया का है। उस मीडिया का, जो अपने आप को निष्पक्ष मानता है। जो सरकार के दबाव में नहीं आने का दावा करता है। जो मानता है कि सरकार मीडिया पर दबाव बनाती है। और भी...। कल से ही तमाम मीडिया पर यह मुद्दा खबरों और टिप्पणियों के रूप में चल रहा है। साथ ही चल रही हैं सत्तापक्ष और विपक्ष के लोगों की बयानबाजी। भाजपा के एक प्रवक्ता ने तो जैसे अपनी भड़ास ही निकाल कर रख दी है। उन्हें भी शायद बीबीसी की तरह संयत ही रहना था, लेकिन सत्तापक्ष के प्रवक्ताओं में स्वयं का और भाषा का संयम कम ही देखा जाता है। फिर भी, बीबीसी पर पड़े छापे सामान्य सर्वे के रूप में तो नहीं देखे जा रहे।

## रीवा हवाई अड्डे की आधारशिला पर विशेष

# विन्ध्य की उड़ान को लगे पंख



राजेन्द्र शुक्ल

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जब कहते थे कि वह दिन भी अब दूर नहीं जब हमारे देश के %हवाई चप्पल वाले लोग भी हवाई जहाज में उड़ान भरेंगे% तब विरोधी इसे महज जुमला कहकर बात हवा में उड़ा देते थे। ऐसे लोगों को आज रीवा आकर देखना चाहिए कि सपना किस तरह यथार्थ के धरातल पर उतरकर चरितार्थ होता है।

15 फरवरी 2023 की तारीख विन्ध्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनने जा रही है। हमारे नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और जनप्रिय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान रीवा में एक ऐसे हवाई अड्डे की आधारशिला रखने जा रहे हैं जो भविष्य में उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयर ट्रैफिक डेस्टिनेशन बनकर उभरेगा ही इस क्षेत्र को विकास के उच्च पायदान पर स्थापित करेगा।

पिछले महीने इंदौर में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स मीट में विश्वभर के उद्यमियों के बीच माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने सगर्व यह घोषणा की थी कि मह मध्यप्रदेश का छठवे हवाईअड्डे को निर्मित और विकसित करने जा रहे हैं। उनकी इस घोषणा ने दुनियाभर के उन उद्योगपतियों के ध्यान को आकृष्ट किया जो यहाँ पावर व माइनिंग सेक्टर, वाइल्ड लाइफ टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग इन्डस्ट्रीज की संभावनाओं को देखते हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने वालों के लिए यह अवसरों का दरवाजा खोलने वाला है।

मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि रीवा का हवाईअड्डा तीन चरणों में विकसित होने की प्रक्रिया में है। प्रथम चरण में छह महीने बाद अगस्त महीने से रीवा हवाई यातायात प्रारंभ हो जाएगा। पाँच साल में रीवा का हवाईअड्डा बोइंग की लैंडिंग और अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए बनकर तैय्यार रहेगा। फिलहाल शुरूआत 19 सीटर विमान से होगी, एक साल के भीतर ही 72 सीटर विमान उड़ान भरने लगेंगे।

15 फरवरी को हमारे मुख्यमंत्री एवं देश के उड्डयन मंत्री वर्तमान में उपलब्ध 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले हवाई अड्डे का शिलान्यास करेंगे। राज्य सरकार ने इसे 99 वर्षों की लीजपर भारतीय विमान प्राधिकरण को सौंप दिया है। दूसरे चरण के विकास के लिए 258 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए 209 करोड़ रूपये मंजूर किए हैं। दो महीने के भीतर यह जमीन भी अधिग्रहित करके भारतीय विमान प्राधिकरण को सौंप दी जाएगी। तब महानगरों की भाँति एयर टर्मिनल और लाउंज तथा पब्लिक एमिनिटीज विकसित होंगी। यह स्थिति लगभग वैसे ही बनेगी जैसे कि आज इंदौर या भोपाल का हवाईअड्डा है।

देश में श्री मोदी जी और प्रदेश में श्री शिवराज जी के कुशल और फलदायी नेतृत्व के अनुभव को देखते हुए मैं यह विश्वास पूर्वक कह सकता हूँ कि अगले पाँच वर्षों के भीतर यह सब पूर्णरूपेण यथार्थ के धरातल पर उतर जाएगा। विन्ध्य की आशाओं के केन्द्र रीवा के विकास का श्रेष्ठ व उन्नत दौर है जो स्वतंत्रता के अमृतकाल में प्रारंभ हो रहा है।

मैं जब कहता हूँ कि अब रीवा मध्यप्रदेश के ही नहीं देश के समुन्नत और श्रेष्ठ महानगरों की श्रेणी में कदमताल मिलाकर चल पड़ा है तो इसके पीछे ठोस आधार है। 1956 तक रीवा विन्ध्यप्रदेश की राजधानी रहा है और तब इसकी हैसियत भोपाल, लखनऊ, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरों के समकक्ष थी। कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक द्वेषवश रीवा से एक प्रदेश की राजधानी का गौरव छीन लिया।

1956 से 2004 तक यह उपेक्षित और अभिशप्त पड़ा रहा। विन्ध्य में आज जो प्राकृतिक संसाधन हैं वो कल भी थे। आम नागरिकों में विकास की ललक और अपेक्षाएं कल भी वैसी ही थीं। केन्द्र में अटलजी और उसके बाद मोदीजी की नेतृत्व की व प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने आहत और उपेक्षित विन्ध्यवासियों की पीड़ा और भावनाओं को समझा। आज यह क्षेत्र कई मामलों देश में अग्रगण्य है।

जब मैं कहता हूँ कि रीवा एयरपोर्ट उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण एयरपोर्ट होगा तो मेरी दृष्टि के सामने सिंगरौली का पावर काम्प्लेक्स उभरकर सामने आता है। सिंगरौली में थर्मल प्लांटस में 20,000 मेगावाट से ज्यादा विद्युत उत्पादन होता है। देश का यह सबसे बड़ा पावर काम्प्लेक्स है। रीवा से सिंगरौली तक विश्वस्तरीय सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित होकर पूर्णता के करीब है। जो यात्री पाँच घंटे में बनारस पहुँचते थे वे दो घंटे में रीवा एयरपोर्ट के लाउंज में होंगे। विन्ध्य की 29 बड़ी औद्योगिक इकाईयां 225 किमी की परिधि में फैली हैं और प्राय: सभी नेशनल हाइवेज से जुड़ी हैं। अपने रीवा का हाइवेज जंक्शन पहले ही विकसित हो चुका है। इन औद्योगिक इकाइयों के अधिकारियों के लिए रीवा एयरपोर्ट कितनी बड़ी सहूलियत बनने जा रहा है यह अब उनसे ही पूछ सकते हैं। विन्ध्य की वाइल्डलाइफ टूरिज्म का विश्व में स्थान है। यहाँ। का सफेद बाघ दुनियाभर के चिड़ियाघरों में दहाड़ रहा है। टीवी में दिखने वाला हर दूसरा बाघ या तो बांधवगढ़ का है या कि पन्ना का। पर्यटकों के लिए यह कितना आसान हो जाएगा। रीवा में 750 मेगावाट का सोलर पावर काम्प्लेक्स एशिया के बड़े पावर प्रोडक्शन यूनिट में शामिल है। रीवा में खूबसूरत प्रपातों की श्रृंखला है। भगवान राम का तपोवन चित्रकूट और माँ शारदा के धाम मैहर कौन नहीं आना चाहेगा।

बाणसागर का वृस्तित जल प्रक्षेत्र और उसके द्वीप विकसित होने पर हनुवंतिया के आकर्षण से आगे का प्राकृतिक सौंदर्य प्रस्तुत करेंगे। अपना विन्ध्य पावर हब की तरह सीमेंट का भी प्रोडक्शन काम्प्लेक्स है। प्राय: सभी बड़े औद्योगिक घरानों का निवेश यहां आया है। रीवा में नागपुर की तरह मेडिकल फैसिलटी और कोटा की तरह एकडमीज का विस्तार हो रहा है।

अभी तीन लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई है, बाणसागर का पानी जब 9लाख हेक्टेयर तक पहुँचेगा तब यहाँ के किसानों की स्थिति क्या बनेगी कल्पना की जा सकती है। विन्ध्यवासियों की क्रयशक्ति बढ़ी है और यही सब क्षमता मिलकर रीवा को उत्तरमध्य भारत के सबसे विकसित महानगर बनाने का काम करेगी।

रीवा इंदौर की तर्ज पर आगे बढ़ रहा है। शहरी विकास की रेटिंग एजेंसियां रीवा को संभावनाओं का महानगर बता रहे हैं। इन्हीं सबके आधार पर मैं यह कहता हूँ कि रीवा एयरपोर्ट विन्ध्य के उन्नत उडान के लिए स्वर्णिम पंख लगाने जा रहा है। रीवा एयरपोर्ट के फलितार्थ होने में भी परिश्रम की पराकाष्ठा शामिल है। मैं आभारी हूँ मुख्यमंत्री शिवराज जी का, मुझे वह तारीख 13 जनवरी 2015 आज भी याद है जब उन्होंने सिविल एविएशन मिनिस्ट्री को रीवा में एयरपोर्ट की संभावनाओं के अध्ययन के लिए पत्र लिखा। इसके बाद वह सिलसिला चल निकला। प्रधानमंत्री जी ने किफायती दरों वाली उडान योजना लांच की तो उन्हीं की कृपा से रीवा %उडान% में शामिल हो गया। श्री सिंधिया जी ने जब से उड्डयन विभाग की कमान सँभाली रीवा एयरपोर्ट उनकी प्राथमिकता में सर्वोपरि रहा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने प्रदेश सरकार से कहा कि हमें रीवा के लिए 258 एकड़ भूमि और चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने बिना वक्त गँवाए इसके लिए 209 करोड़ रुपये उपलब्ध करा दिए।

जब जनसेवा का भाव और संकल्प प्रबल होता है तब दैवयोग से सभी कार्य ऐसे ही सधते जाते हैं जैसे कि रीवा एयरपोर्ट की कल्पना और उसे अब यथार्थ के धरातल पर उतरते हुए देखना। मैं विन्ध्यजनों की ओर से, रीवा के नागरिकों की ओर विनयवत हूँ, आभारी और कृतग्य हूँ।

**(लेखक-मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक हैं)**

# शब्दों के अर्थों पर महाभारत



ओमप्रकाश श्रीवास्तव

भाषा बड़ी मजेदार चीज है। जीवित प्राणियों की तरह भाषा भी जन्म लेती है, विकास करती है, क्षय होती है और अंत में मृत हो जाती है। भाषाविद् बताते हैं कि विश्व में 573 भाषाएँ जड़-मूल से समाप्त हो चुकी हैं। वर्तमान में प्रचलित लगभग 7 हजार भाषाओं में से 90 प्रतिशत से अधिक ह्रास की ओर जा रही हैं। उनके बोलने-समझने वाले समाप्त होते जा रहे हैं। भाषा की उम्र, इस बात पर निर्भर करती है कि बदलते समय के साथ वह आमजन के लिए कितनी उपयोगी रह पाती है। भाषा की उम्र का दूसरा पहलू भी है। उसे बोलने, समझने वाले भले ही समाप्त हो जाएँ परंतु वह, उसमें रचे गये दार्शनिक और साहित्यक संसार के माध्यम से अमर हो सकती है। संस्कृत ऐसी ही भाषा है जिसका व्यवहारिक उपयोग निरंतर कम होता गया है परंतु उसमें लिखे अत्यंत उच्च दार्शनिक, साहित्यक ग्रंथों व गणित के नियमों जैसी सुस्पष्ट व्याकरण के चलते वह अमर हो गई है।

भाषाएँ भी शिशु, युवा, प्रौढ़ और वृद्धावस्था से गुजरती हैं। अपनी शिशु अवस्था में यह अपने संसार को स्वयं खोजती हैं, उसके शब्दों का जन्म और विकास होता है। युवा अवस्था में अन्य भाषाओं व संस्कृतियों के संपर्क में आने पर उनमें नए शब्द, शब्दों के नए अर्थ शामिल होने लगते हैं। शब्द और उनके अर्थ समय के साथ बदलते भी हैं। आज 'भूत' शब्द का अर्थ प्रेत, पिशाच माना जाता है जबकि यही 'भूत' शब्द आध्यात्मिक दर्शन में जीवित प्राणियों के लिए उपयोग में आया है। 'तात' शब्द से पिता, पुत्र, गुरु अर्थात् छोटे-बड़े सभी को संबोधित किया जाता था अब बोलचाल में यह शब्द लुप्त हो चुका है।

भाषा में हर विषय के लिए अलग-अलग शब्द होते हैं। यदि दो चिकित्सक, इंजीनियर या धार्मिक-दार्शनिक अपने विषय पर आपस में बात करें तो उनकी शब्दावली बिलकुल भिन्न होगी। उस शब्दावली का अर्थ उसी विषय के परिप्रेक्ष्य में लगाना होगा। एक बच्चे ने अपने दादाजी से पूछा कि शंकर-पार्वती जी कम्प्यूटर क्यों नहीं चलाते? दादाजी हार मान गये तब बच्चा बोला क्योंकि गणेश जी माउस लेकर भाग गये थे। अब बच्चे के लिए माउस का अर्थ कम्प्यूटर का माउस है जबकि उसी का अर्थ गणेश जी के संदर्भ में उनकी सवारी चूहा है। शब्द एक है, फर्क संदर्भ का है। अलग-अलग स्थानों पर एक ही शब्द अलग-अलग अर्थों में भी प्रयुक्त हो सकता है। उत्तर भारत का 'भाई' मुंबई जाकर गुंडे का पर्याय बन जाता है।

एक ओर बात है। किसी भी विषय को वक्ता किस अवस्था में और चेतना के किस स्तर पर जाकर बता रहा है उसके शब्दों को उसी स्तर पर जाकर समझना होता है। जब हम क्रोध में और प्रेम में बोलते हैं तो शब्द तो बदलते ही हैं उनके अर्थ भी बदल जाते हैं। 'प्रेम में मरने' और 'ईर्ष्या से मरने' में कहीं भी मृत्यु नहीं है परंतु अर्थ में जमीन आसमान का अंतर है। महाभारत समाप्त होने के बाद अर्जुन ने कृष्ण से पुन: गीता सुनाने की प्रार्थना की तो कृष्ण ने कहा कि अब संभव नहीं है। युद्ध के समय कृष्ण चेतना के जिस स्तर पर थे वह बाद में नहीं थी इसलिए उन शब्दों को दोहराना असंभव था। इसलिए विद्वान गीता का अर्थ अपने-अपने अनुभव, ज्ञान और चेतना के स्तर पर भिन्न-भिन्न प्रकार से करते हैं। इसीलिए गीता एक है परंतु उस पर सैकड़ों टीकाएँ लिखी गई हैं। वेदों के ब्राह्मण खंड में यज्ञ का अर्थ अग्नि में आहुति देने वाली भव्य क्रिया है जिसमें बहुत धन-सामग्री लगती थी, बड़ा जनसमूह एकत्र होता था वहीं गीता के 'यज्ञ' में वैदिक यज्ञों के अलावा वह सभी क्रियाएँ शामिल हैं जो अहंकार और फल में आसक्ति का त्याग कर सर्वजनहिताय की जाती हैं।

शब्दों का अर्थ समय, विषय, स्थान, संदर्भ, वक्ता के ज्ञान और चेतना के स्तर के साथ बदल जाता है। जब किसी भाषा के शब्दों को उनकी उत्पत्ति के स्रोत, उस समय के समाज, प्रचलित संस्कृति व दर्शन को जाने बगैर उनका अर्थ करने का प्रयास किया जाता है तो अनर्थ हो जाता है। आजकल मानस की चौपाई 'ढोल गवाँर सूद्र पसु नारी' पर भूचाल आया हुआ है। कोई शूद्र को क्षुब?ध और नारी को रारी के रूप में शुद्ध करने की बात कह रहा है तो कोई इसे मानस से निकाल देने की वकालत कर रहा है। मानस तो वेद, पुराण और आगम शास्त्रों का निचोड़ है परंतु लिखी अवधी भाषा में गई है जिसमें अन्य भाषाओं के देशज शब्दों की भरमार है। इसलिए जहाँ शब्दों का भाव वेदों के अनुसार लेना होगा वहीं शाब्दिक अर्थ भाषा के अनुसार। वेदों का भाव जीव और ब्रह्म की एकता है। वेद का जगत् को देखने का दृष्टिकोण यह है कि न कोई छोटा है न बड़ा, न अपना न पराया। वहीं अवधी में ताड़ना का अर्थ देखभाल करना है। जब हम शूद्र का अर्थ 'वर्तमान जन्म आधारित जातिव्यवस्था' और ताड़ना का अर्थ संस्कृत के अनुरूप 'दंड देना या पीटना' ले लेते हैं तो समस्या हो जाती है।

सनातन धर्म में मनुष्य का चार वर्णों का विभाजन उनके गुण व स्वभाव के आधार पर किया गया है जन्म के आधार पर नहीं (गीता 4.13)। प्राचीन शास्त्रों में कई प्रमाण हैं जब पुत्र का वर्ण पिता से पृथक् माना गया। हरिवंश पुराण में शुनकऋषि के चार पुत्रों का वर्णन है जिनमें एक शौनक ब्राह्मण थे और शेष तीन क्षत्रिय, वैश्य व शूद्र वर्ण के थे। वैश्य नाभागारिष्ट के दो पुत्रों को ब्राह्मणत्व प्राप्त हुआ था। भार्गव वंश के अंगिरस ऋषि के चारों पुत्र चार वर्णों के थे। गीता में शूद्र शब्द 3 बार आया है। प्रथम जब सभी वर्णों को परम गति प्राप्ति का आश्वासन दिया गया है (9.32) दूसरी बार, जब कहा है कि व्यक्ति के गुणों के आधार पर उसके कर्मों का विभाजन किया गया है (18.41), तीसरी बार, जब गुणों के आधार पर विभिन्न वर्णों के कर्म बताए गए हैं (18.44)।

इसमें दूर-दूर तक जन्म आधारित जातिव्यवस्था का संकेत भी नहीं है। योग्यता आधारित वर्णव्यवस्था तो समाज में सदैव से रही है और आज भी है। क्या हम प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से शोध करने, सेना में जाने, प्रशासन व व्यवसाय करने और भृत्य का कार्य करने वाले व्यक्तियों का चयन नहीं करते? हमारे देश का दुर्भाग्य रहा कि योग्यता आधारित वर्णव्यवस्था कालान्तर में जन्म आधारित जाति व्यवस्था में बदल गई और विभाजित समाज पतन के गर्त में डूब गया।

क्या साइकिल सुधारने वाला अंतरिक्ष यान सुधार सकता है? उत्तर होगा नहीं। यद्यपि दोनों यान हैं परंतु दोनों को समझने के लिए योग्यता में जमीन-आसमान का अंतर है। उच्च आधत्मिक ग्रंथ समझने के लिए विशेष योग्यता की आवश्यकता होती है जो हर व्यक्ति के पास नहीं होती। इसलिए वेदों में कर्मकाण्ड, उपासना और ज्ञान अलग-अलग भागों में दिया गया है। जो व्यक्ति देह के स्तर पर जी रहे हैं अर्थात् खाने-पीने, सोने, संतानोत्पत्ति करने के अलावा जिनके पास कोई विचार ही नहीं है उनके लिए कई प्रकार के कर्मकाण्ड हैं। इनमें केवल शारीरिक कर्म करना होता है। इसके ऊपर के स्तर पर जो व्यक्ति भावप्रधान हैं, हृदय के स्तर पर जीते हैं उनके लिए उपासना का विधान है जिसमें प्रभु के प्रति प्रेम, समर्पण की भावात्मक प्रधानता है। जिनकी बुद्धि प्रखर है, मन पर नियंत्रण है उनके लिए ज्ञानमार्ग है।

देह के स्तर पर जीने वाले व्यक्ति में हृदय के भाव को या मस्तिष्क के ज्ञान को समझने की योग्यता ही नहीं होती। देह के स्तर पर जीनेवाला व्यक्ति कर्मकाण्ड, निस्वार्थ कर्म आदि के द्वारा, भावप्रधान व्यक्ति उपासना, प्रेम और समर्पण द्वारा स्वयं में अगली श्रेणी की योग्यता पैदा कर सकता है। आप हिमालय पर चढ़ना चाहें तो पहले अपने गाँव की पहाड़ी पर चढ़ने की योग्यता तो प्राप्त कर लें, आगे और प्रशिक्षण प्राप्त करें तभी हिमालय विजित करने का सोच पाएँगे। इसलिए कहा गया है कि योग्य व्यक्ति को ही ग्रंथों के अध्ययन का अधिकार होना चाहिए अन्यथा अनर्गल निष्कर्ष निकलने का खतरा हो जाएगा। गीता के अंत में कृष्ण ने ऐसे व्यक्तियों का वर्णन किया है जिनमें गीता के ज्ञान को समझने की योग्यता नहीं है।

हमारे संवाद का आधार भाषा है। जब तक हम संवाद या लेख के पीछे का दर्शन, देश, काल और परिस्थिति, उस समय के समाज, संस्कृति, बोलने या लिखने वाले के चेतना के स्तर को नहीं समझेंगे तब तब गलत अर्थ करते रहेंगे, दोष वक्ता महापुरुष को या ग्रंथों को देते रहेंगे और स्वयं को भी उस ज्ञान से बंचित कर लेंगे। इसलिए ग्रंथों की अंध आलोचना के स्थान पर उनके शब्दों को सही परिप्रेक्ष्य में समझने की जरूरत है।

# खेल मंत्री क्यों परेशान हैं..?

**रवीन्द्र जैन**



मप्र में खेलो इंडिया की अपार सफलता के बाद भी खेलमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया विभाग की एक गंभीर घटना को लेकर परेशान बताई जा रही हैं। खेलमंत्री को विभाग की बदनामी की चिन्ता है। दरअसल मप्र खेल विभाग के एक चीफ कोच पर आरोप है कि उसने मुम्बई के होटल में मप्र की एक प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ी के साथ गलत काम किया है।

महिला खिलाड़ी ने इसकी लिखित शिकायत मुम्बई पुलिस सहित खेलमंत्री से भी की है। खेलो इंडिया आयोजन में विभाग की बदनामी न हो इसलिए खेलमंत्री ने इस मामले पर आयोजन के बाद कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया था। अब महिला खिलाड़ी के परिजनों का खेल मंत्री पर न्याय दिलाने का दबाव है। खबर आ रही है कि खेलमंत्री ने फिलहाल इसकी जांच विभागीय महिला उत्पीड़न समिति को सौंपी है। खेल महकमे में चर्चा है कि इस मामले को रफा-दफा करना आसान नहीं है क्योंकि पीड़ित महिला खिलाड़ी का परिवार चीफ कोच को सजा दिलाने पर आमादा है।

**गृहमंत्री को पोते का डर**



मप्र की राजनीति में चाणक्य माने जाने वाले प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा भी अपने पोते से डरते हैं। इस सप्ताह पोते के एक आदेश पर वे विकास यात्रा बीच में छोड़कर कुछ देर के लिए भोपाल आए थे। गृहमंत्री ने तय किया था कि पूरी विकास यात्रा के दौरान वे अपने विधानसभा क्षेत्र में रहेंगे और 25 फरवरी के बाद ही भोपाल लौटेंगे।

उन्होंने भोपाल में आयोजित पुलिस मीट के कार्यक्रम का उद्घाटन करने से भी मना कर दिया। इसी बीच शनिवार को वे अचानक कुछ देर के लिए भोपाल आए और लौट गये। दरअसल नरोत्तम मिश्रा का लाडला पोता भोपाल के एक स्कूल में नर्सरी में पढ़ता है। शनिवार को स्कूल में पहली बार ग्रांड पेरेंट्स मिटिंग आयोजित की गई थी। पोते को दादा जी के साथ न केवल स्कूल पहुंचना था, बल्कि बच्चा बनकर पेटिंग खेल आदि में भाग भी लेना था। पोते का आदेश मिलते ही मंत्री जी विकास यात्रा को विराम लगाकर भोपाल पहुंचे और पोते के साथ स्कूल गये। वहां पेटिंग भी की।

**एडीजी की खुलेगी पोल**

जबलपुर हाईकोर्ट के एक वकील ने पुलिस मुख्यालय में मलाईदार कुर्सी पर बैठे एडीजी स्तर के एक वरिष्ठ आईपीएस के बारे में आरटीआई लगाकर उनके अभी तक के सभी मेडीकल बिलों की छायाप्रति मांगी है। इसके पहले इसी वकील ने एडीजी की बेटी के मोबाइल फोन और सिम खरीदी की डिटेल मांगी थी।

दरअसल इस वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को रिटायरमेंट के पहले कथित भ्रष्टाचार में घेरने की तैयारी है। खबर तो यहां तक आ रही कि इसी वर्ष रिटायर होने वाले इस आईपीएस अधिकारी ने अपने गृह राज्य में बसने की तैयारी की है। गृह राज्य में उन्होंने जो सम्पतियां खरीदी हैं उनकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। मुखबिर का कहना है कि पुलिस के ही कुछ अधिकारी इस अफसर को निपटाने की तैयारी कर रहे हैं। भोपाल से लेकर आईपीएस के गृह राज्य तक जानकारी जुटाने कई टीमें तैनात की गई हैं।

**कमलनाथ की विधानसभा में रूचि नहीं**

मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष और कांग्रेस की ओर से सीएम पद के दावेदार कमलनाथ को विधानसभा सत्र और विधानसभा में होने वाली कार्यवाही में बिल्कुल रूचि नहीं है। कमलनाथ ने लंबे समय तक लोकसभा में कांग्रेस की ओर से फ्लोर मैनेजमेंट किया है। वे देश के संसदीय कार्य मंत्री भी रहे हैं। लेकिन जब से उन्होंने मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद छोड़ा है उनकी रूचि विधानसभा की कार्यवाही से समाप्त हो गई है।



आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि विधायक के रूप में उन्होंने आजतक न तो विधानसभा में कोई प्रश्न लगाया है और न ही ध्यानाकर्षक प्रस्ताव पर चर्चा मांगी है जो कि विधायकों के लिए अपने क्षेत्र की बात रखने का सबसे आसान तरीका है। यहां तक की पिछले सत्र में कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव के दौरान भी कमलनाथ सदन की कार्यवाई से पूरी तरह नदारत थे।

**विकास यात्रा फेल फिर भी भाजपा नेता खुश**

मप्र में विकास यात्रा पूरी तरह फ्लॉप शो साबित हो रही हैं। मंत्री और विधायक बेमन से कलेक्टरों के भरोसे अपने अपने क्षेत्र में विकास यात्रा के नाम पर घूम रहे हैं। लेकिन इस यात्रा का कोई सकारात्मक असर दिखाई नहीं दे रहा है। मीडिया की खबरें भी विकास यात्रा का मजाक उड़ाती दिख रही हैं। इसके बाद भी प्रदेश भाजपा के नेता खुश हैं।

दरअसल भाजपा संगठन ने इस विकास यात्रा को पार्टी विधायकों के लिए लिटमस टेस्ट के रूप में लिया है। विकास यात्रा के जरिये भाजपा विधायकों और संगठन को पता चल गया है कि किस विधानसभा क्षेत्र में किस विधायक की क्या स्थिति है। कहां मतदाताओं की कितनी और किस मुद्दे पर नाराजगी है। मप्र विधानसभा चुनाव में अभी सात महीने का समय है। भाजपा के पास इस नाराजगी को दूर करने और सुधार करने का पर्याप्त समय है।

**मुस्लिम आईएएस को चाहिए शंकराचार्य का साथ**

मप्र के आईएएस नियाज खान को अपनी नई किताब के विमोचन के लिए शंकराचार्य की उपस्थिति चाहिए। इसके लिए वे पूरा प्रयास कर रहे हैं। नियाज खान का आठवां उपन्यास अगले महीने छपकर आ जाएगा। इस उपन्यास का नाम है द ग्रेट ब्राह्मण। नियाज खान इसका विमोचन शंकराचार्य जी से कराना चाहते हैं। खबर है कि झोतेश्वर के शंकराचार्य जी ने उनकी पुस्तक बुलाई है। इसे पढ़ने के बाद वे विमोचन करने के बारे में फैसला करेंगे। नियाज की पुस्तक आने से पहले ही इसकी चर्चा तेज हो गई है। दरअसल अपनी नई पुस्तक में नियाज खान ने ब्राह्मणों के 3000 वर्ष के इतिहास को साक्षी मानकर दावा किया है कि ब्राह्मण दुनिया के सबसे जीनियस व्यक्ति होते हैं। इनकी बुद्धि का उपयोग राष्ट्रहित में करना चाहिए। न्याय पालिका सहित अनेक बड़ी संस्थाओं को वे ठीक से सम्हाल सकते हैं। पुस्तक में बजरंग दल को नैतिक पुलिस का दर्जा देने की बात भी कही गई है। यानि इतना तय है कि आईएएस अफसर नियाज खान की आने वाली पुस्तक अपने साथ नये नये विवादों को भी ला सकती है। लेकिन इस पुस्तक से ब्राह्मण समाज बहुत खुश है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# टीएल बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र किया जारी

खरगोन 14 फरवरी 2023। कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने गत दिवस नवीन कलेक्ट्रेट सभागृह में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में बगैर पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहने पर नगर तथा ग्राम निवेश खरगोन के सहायक संचालक श्री एमएल वर्मा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। जारी सूचना पर में श्री वर्मा के अनुपस्थित रहने से विभाग से संबंधित लंबित पत्रों एव अन्य बिन्दुओं पर चर्चा नहीं की जा सकी। जबकि विगत टीएल बैठक में जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि बैठक में स्वयं उपस्थित रहे। अपने स्थान पर अन्य किसी प्रतिनिधि की उपस्थिति मान्य नहीं होगी। लेकिन श्री वर्मा द्वारा मुख्यालय छोड़ने के पूर्व प्रतिनिधि भी किसी सहायक जिम्मेदार अधिकारी को न भेजते हुए लिपिक को भेजा गया। जिन्हें विभागीय कार्यों की भली भांति जानकारी नहीं थी। साथ ही श्री वर्मा ने मुख्यालय/आकस्मिक अवकाश के संबंध में भी विधिवत कोई सूचना न दी और अनुमति भी प्राप्त नहीं की गई थी। श्री वर्मा द्वारा निर्देशों की अवहेलना कर गंभीर अनुशानहीनता की गई है। इस कृत्य के लिए कलेक्टर श्री वर्मा ने मप्र सिविल सेवा ( आचरण ) नियम 165 के नियम3.(1) (दो) 3-क (ग) के विपरित है। कलेक्टर श्री वर्मा ने सहायक संचालक श्री वर्मा को सूचना पत्र प्राप्ति के तीन दिवस में लिखित उत्तर प्रस्तुत करने का समय दिया है।

# तेइसवें रक्तदान से बची वृद्ध अम्मा की जान

छतरपुर। सभी धर्मों से बढ़कर रक्तदान है आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने जानकारी दी व्रद्ध अम्मा का ऑपरेशन होने के पश्चात हेमोग्लोबिन कम हो गया था डॉ ने दो यूनिट ब्लड की आवश्यकता बताई थी यह जानकारी ग्रूप के माध्यम से ग्रूप के सक्रिय रक्तदानी श्रीवास्तव एक्सरे के लैब टेक्नीशियन मोहन पटेल को दी उन्होने बिना विलंब किये जिला अस्पताल पहुँचकर रक्तदान किया और अपना 23वां रक्तदान भी पूर्ण किया उन्होंने अपने संदेश में कहा मैने इतनी बार रक्तदान किया मुझे आज तक कोई परेशानी नही आई और रक्तदान करना अच्छी बात है रक्तदान ही ऐसा महादान है जो सभी धर्मों से बढ़कर है अम्मा के परिजनों ने मोहन पटेल और ग्रुप का आभार व्यक्त किया

# सीएम समाधान ऑनलाइन छतरपुर लगातार छटवीं बार टॉप 5 में शामिल

छतरपुर,।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मंगलवार को समाधान ऑनलाइन समस्याओं जिलेवार की गई समीक्षा में छतरपुर जिला कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में लगातार छटवीं बार टॉप 5 जिलों में रहा है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिये कलेक्टर को बधाई दी है। जिले ने ए-ग्रेड हासिल करते हुये प्रदेश में चौथा स्थान हासिल करते हुये जन समस्याओं के निराकरण के लिये उच्च प्रदर्शन क्षमता का परिचय दिया है। समाधान ऑनलाइन में बैतूल, दतिया, रायसेन और बुरहानपुर के श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई दी गई।

# जनसुनवाई में मिले 129 आवेदन

छतरपुर,। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार और एडीएम नमः शिवाय अरजरिया ने मंगलवार 14 फरवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई में लोगों से प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की। जनसुनवाई में प्राप्त 129 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण हेतु सौंपे गये। जनसुनवाई में सहित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में गंभीर किस्म में प्रकरणों के निराकरण में संवेदनशीलता दिखाते हुये मैदान स्तरीय संबंधित विभागीय अधिकारियों को व्हाट्सएप पर आवेदन भेजकर उनका परीक्षण करने और पात्रता पाये जाने पर तुरंत लाभ देने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में आये ऐसे ग्रामीण जो आवेदन नहीं लिख सकते है उनके आवेदन प्रशासन द्वारा शुरू की गई निःशुल्क टाइप कराने की व्यवस्था का कई लोगों ने लाभ लिया और प्रशासकीय की व्यवस्था पर खुशी जाहिर की। जनसुनवाई में नगरपालिका छतरपुर क्षेत्र के आवासहीन परिवारों द्वारा आवास दिलाने दिये गये आवेदन का परीक्षण कराने और पात्रता पाये जाने पर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। कई आवेदकों द्वारा पट्टा देने के लिये प्रस्तुत आवेदन पर बताया गया कि 2002 से शासन द्वारा पट्टा देने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु 20 तक ऑनलाइन आवेदन

छतरपुर। जारी शैक्षणिक सत्र में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु एमपीटास एवं एनआईसी छात्रवृत्ति पोर्टल 2.0 पर ऑनलाइन आवेदन 20 फरवरी तक हो सकेगा। उक्त तिथि के बाद पोर्टल बंद हो जाएगा। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

# अग्रवाल समाज का अधिवेशन व सम्मान समारोह 20 को

छतरपुर। जिला अग्रवाल समाज का अधिवेशन, नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष और नगर अध्यक्ष का शपथग्रहण एवं अग्र गौरव सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे से सरानी दरवाजा बाहर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित किया गया है।गौरतलब है कि विगत 16 जनवरी को अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ था। इसी क्रम में अग्रवाल समाज का जिला स्तरीय अधिवेशन ( आमसभा ) में नव-निर्वाचित अध्यक्ष द्वय का शपथ ग्रहण एवं क्षेत्रीय अग्र गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। निवृतमान जिलाध्यक्ष उमाशंकर अग्रवाल, निर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल %सर्राफ% और निर्वाचित नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जिले के सभी समाजजनों से कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होने का अनुरोध किया है।

# प्रयागराज ट्रेन स्टॉपेज की मांग



गंज बासौदा। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशमंत्री दीपक नरवरिया ने भोपाल डिविजनल रेलवे मैनेजर, सौरभ बंधोपाध्याय से मुलाकात कर गाड़ी संख्या 14115/14116 अंबेडकर प्रयागराज एक्सप्रेस का स्टॉपेज स्टेशन गंजबासौदा में स्टापेज किए जाने हेतु ज्ञापन दिया। नरवरिया ने बताया की अंबेडकर प्रयागराज एक्सप्रेस का गंजबासौदा में हॉल्ट बनाए जाने पर क्षेत्र की जनता को प्रयागराज आने-जाने में हो रही असुविधा से राहत मिलेगी। डी.आर.एम. ने समय से यथोचित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है।

### कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

छतरपुर। जिला मजिस्ट्रेट छतरपुर द्वारा राजनगर तहसील के ग्राम गढ़ा स्थित बागेश्वर धाम में होने वाले नव कुण्डी यज्ञ एवं कन्या विवाह कार्यक्रम में आने वाले विशेष अतिथियों एवं श्रृद्धालुजनों की उचित प्रशासनिक व्यवस्था बनाने के लिये कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की है। संयुक्त कलेक्टर पियूष भट्ट और राकेश परमार कार्यपालक दंडाधिकारी का दायित्व देखेगें। सतीष वर्मा, मनोज कश्यप, अमित वर्मा तथा राजेन्द्र कोष्ठा सहायक अधिकारी का दायित्व निभाएंगे। अनुविभागीय दंडाधिकारी राजनगर संपूर्ण कानून व्यवस्था एसडीओपी पुलिस खजुराहो, सुरक्षा एवं कानून तथा यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाएंगे। सीईओ जनपद राजनगर, ईई लोक निर्माण, अधीक्षण यंत्री विद्युत विभाग, ईईपीएचई, जिला कमांडेंट होमगार्ड, सीएमएचओ, खाद्य अधिकारी तथा यातायात प्रभारी छतरपुर सौंपे गई जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगी।

# कांग्रेस नेता माहेश्वरी ने पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष पेश की दावेदारी ,निवास पर किया पत्रकारों का सम्मान



गंज बासौदा। जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है चुनाव लड़ने वाले दावेदारों की उपस्थिति अब दर्ज होने लगी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश माहेश्वरी ने भी अपनी दावेदारी पेश कर दी है। स्टेशन के पास स्थित नवीन शीतला टावर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवम युवा उद्यमी राजेश माहेश्वरी व रमेश माहेश्वरी,अशोक माहेश्वरी, विजय माहेश्वरी, सौरभ एवम राकेश माहेश्वरी परिवार ने शहर के सभी पत्रकारों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत शहर के वरिष्ठ पत्रकार और माहेश्वरी परिवार ने मां सरस्वती जी के सामने दीप प्रज्वलित करके की इसके पश्चात माहेश्वरी परिवार सभी पत्रकारों का पुष्पमाला, शाल, ओर कलम से सम्मान किया। राजेश माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में पत्रकारिता जगत को चौकन्ना चौथा स्तंभ बताकर हमेशा पत्रकारों के सम्मान करने की बात कही , माहेश्वरी ने बताया कि भोपाल में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ से मिलकर बासौदा विधानसभा के लिए उन्होंने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है,उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी बासौदा विधानसभा के लिए अगर मुझे अपना प्रत्याशी बनाती है तो मैं मैदान में उतरने को तैयार हूं इसके बाद कई वरिष्ठ पत्रकारों ने उद्बोधन दिए इसके साथ ही सहभोज भी हुआ कार्यक्रम में पुलवामा शहीदों को भी श्रद्धांजलि भी दी। इस समय पत्रकार गोविंद नायक, कैलाश सक्सेना, सौदान सिंह, ओमप्रकाश चौरसिया, अखिलेश श्रीवास्तव, सत्यनारायण शर्मा, प्रमोद सिंह, नितेश नायक,अमित शुक्ला, लक्ष्मीनारायण चौबे, गगन दुबे, हरिनारायण विश्वकर्मा, लोकेश सक्सेना, नरेश मीणा आदि उपस्थित थे।

# नियम विरुद्ध कार्य करने को लेकर भुगतान रोकने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



सिरोंज। ब्रह्मा घाट श्मशान घाट तक रोड निर्माण नियम विरुद्ध कार्य करने को लेकर एसडीएम प्रवीण प्रजापति को एक ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन मै लेख किया है कि ब्रह्मा घाट श्मशान घाट तक जो निर्माण कार्य किया जा रहा है वह पूर्णता नियम विरुद्ध किया जा रहा है जिसकी शिकायत पूर्व में भी की जा चुकी है । ठेकेदार मानव संसाधन एजेंसी द्वारा जो निर्माण कार्य किया जा रहा है नियम विरुद्ध निर्माण होने से समस्त आसपास नगर सिरोंज क्षेत्र के लोग इसकी शिकायत प्रस्तुत की गई है । निर्माण कार्य की जांच करा कर भुगतान को रोका जावे । अगर निर्माण कार्य का भुगतान होने पर उत्तरदाई वर्तमान नगर पालिका सीएमओ होंगे । इस दौरान रघुवीर प्रजापति, ज्योतिंद्र जोशी, कमलेश वर्मा, साकिब अली आदि लोग उपस्थित रहे ।

# आनड्यूटी एसएएफ के प्रधान आरक्षक की कार टक्कर से हुई मौत,

## पूर्व विधायक, एसडीएम, एसडीओपी ने की श्रद्धांजलि अर्पित

बरेली 7 सोमबार को देर रात रात्रि गस्त के दौरान ड्यूटी पर तैनात आनड्यूटी पुलिस कर्मियों को नशे में धुत कार सवार ने टक्कर मार दी हादसा इतना भयावह था कि पुलिसकर्मी उधरकर दूर जा गिरे हादसे में हेड कांस्टेबल राजेन्द्र यादव का मौके पर एक पैर कटकर अलग हो गया आरक्षक हरिसिंह घायल हो गया जिन्हें सिविल हॉस्पिटल बरेली ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान राजेन्द्र यादव की मौत हो गई. बताया जाता है कि कार में तीन लोग सवार थे जो कि शराब के नशे में थे. तीनों कार सवारों को पुलिस ने पकड़ लिया है.जानकारी के मुताबिक बरेली थाने में पदस्थ एसएएफ के प्रधान आरक्षक राजेन्द्र यादव और आरक्षक हरिसिंह रात्रि गशत पर थे. इस दौरान टॉकीज चौराहे पर रात लगभग 1~30 बजे भोपाल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ( एमपी 04 ईए 5684 ) ने रौंद दिया मंगलवार को सुबह आरक्षक के शव को बरेली थाने लाया गया जहा पूर्व विधायक रामकिशन पटेल,हरनाम सिंह राजपूत, एसडीएम मुकेश सिंह, एसडीओपी राजीव जागले, थाना प्रभारी आशीष सप्रे,मण्डल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही एसएएफ के प्रधान आरक्षक राजेन्द्र यादव को पुलिस जवानों ने थाने मे गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान दिया 7 जिसके बाद 2 मिनट मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि आरक्षक को अर्पित की गई और शव को परिजनों को सौपकर गृह ग्राम के लिए रवाना किया 7 पूर्व विधायक एसडीएम ने दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को इस दुख की घड़ी में साथ देने का भरोसा दिलाया एसडीओपी राजीव जागले ने बताया कि देर रात ड्यूटी पर तैनात आरक्षक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी कार सवार लोग मौज



मस्ती के नशे में थे इनके नशे के कारण एक जिंदगी चली गई जवान को 1 साल ही सेवानिवृत्त होने में बचा था कार चालक सहित अन्य लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है 7 एसडीओपी सहित पुलिस अमला आरक्षक को लेकर उसके ग्रह ग्राम के लिए रवाना हो गया है जहां पर जवान को सलामी दी जाएगी 7

# ट्रैक्टर वालों की लापरवाही से ट्राली में भरे सरिया मोटरसाइकिल सवार की गर्दन में घुसने से हुई मौत

सिरोंज। लोहे के सरियों से भरी ट्राली को पंचर होने के बाद एक व्यक्ति ने सड़क के किनारे बिना कोई संकेतिक निशान लगाएं खड़ी कर दी इस लापरवाही कारण एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई क्योंकि रात के अंधेरे में उसको लोहे से भरी ट्राली नजर नहीं आई उसमें लटक रहे सरिया गर्दन में घुसने के कारण मृत्यु हो गई । मंगलवार को पीएम के बाद लाश परिजनों को सौंप दी गई। वहीं पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर के मामले को विवेचना में लिया है वाहन चालक की भी जानकारी पुलिस ने लगा ली है। वही मकान बनाने के लिए लोहा भरकर ट्रैक्टर ट्रालियों में ले जाने का काम कई लोगों के द्वारा किया जाता है । इनमें सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए जाते हैं इसकी वजह से ट्राली लगे हुए सरिया दूर से दिखाई नहीं देते हैं इसकी वजह से कई बार छोटी बड़ी दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है फिर भी अधिकांश दुकानदारों के द्वारा सरिया देने के समय ने लाल कपड़ा यह ऐसा कोई चिन्ह नहीं दिया था जिससे कि दूर से ही वाहन चालकों को सरिये से भरी ट्राली नजर आ जाए । इसमें खरीदने वाले और बेचने वाले दोनों की लापरवाही है इनकी अनदेखी के कारण एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया सिरोंज लटेरी रोड पर ग्राम टोरी बागरोद के पहले एक ट्राली पंचर हो गई थी जिसको ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से सड़क किनारे खड़े कर दी पीछे से रात में अपने गांव जा रहे गंभीर सिंह उम्र 54 साल निवासी बामन खेड़ी को ट्रॉली दूर से सदयों से भरी दिखाई दिए इसके कारण सरिया मोटरसाइकिल सवार की गर्दन में घुस गया इसकी वजह से उसकी मृत्यु हो गई दुर्घटना के बाद गंभीर सिंह को शासकीय राजीव गांधी जन



चिकित्सालय रात्रि में लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची ट्राली को सरियों के साथ जप्त कर के थाने में खड़ा कर दिया है । मर्ग कायम कर के ट्रॉली के मालिक की खोजबीन पुलिस के द्वारा कर दी गई है ।थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि ट्राली को जप्त कर लिया है। मालिक की भी जानकारी भी मिल गई है। मर्ग का प्रकरण कायम करके के मामले की छानबीन की जा रही है। इस तरह की लापरवाही कई बार दुर्घटनाओं का कारण बन चुकी है। इसके बाद भी सरिया लेकर जाने वाले अधिकांश वाहन चालकों के द्वारा ध्यान दिया जाता है ना ही जिन व्यापारियों के द्वारा इसका कारोबार किया जाता है ,उनके द्वारा भी सरिया भरने के बाद उनमें ऐसी कोई पट्टी नहीं लगाई जाती है जिससे कि दूर से ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को नजर आ सकें रात्रि में तो नजर आते ही नहीं है यदि ऐसा होता है तो इस तरह की दुर्घटना घटित नहीं होती साथ ही पंचर होने के बाद ट्राली को ऐसी जगह लगानी थी कि जिससे कि इस तरह का हादसा नहीं होता क्योंकि सड़क के पास ही ट्राली को खड़ा कर दिया रात में वाहन चालकों को नजर नहीं आते हैं ।इस गलती के कारण इतना बड़ा हादसा हो गया। अब देखना है कि इतनी बड़ी दुर्घटना से जिम्मेदार अधिकारी कितनी बड़ी सीख लेते हैं लोहे का व्यापार करने वाले संबंधित व्यापारीयों , सरिया लेकर जाने वाले लोगों को भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए क्या समझाए देंगे तथा व्यापारियों को लोहे के सरिया भरने के बाद तत्काल वाहनों में ऐसा चिन्ह लगाया जिससे कि दूर से ही लोहे के सरिए वाहन चालकों को दिखाई दे।


## कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण

क्रमांक 560 ज.सं./भो.वि.प्रा./ 22 भोपाल, दिनांक 03/02/2023

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की नुपुरकुंज योजना में प्रकोष्ठ क्रं. 5/3 श्रीमती उर्मिला पण्डित पत्नी श्री आर.आर. भनोट एवं अजय भनोट आ. स्व.श्री राजकुमार भनोट के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्रीमती उर्मिला पण्डित का स्वर्गवास दिनांक 05.11.2022 एवं श्री अजय भनोट का स्वर्गवास दिनांक 23.04.2021 को होने के कारण श्रीमती उर्मिला पण्डित के नाम के स्थान पर उनके पति श्री आर.आर भनोट आ. स्व.श्री मंगतराम भनोट, एवं अजय भनोट के स्थान पर श्री संजय भनोट आ. स्व.श्री राजकुमार भनोट एवं श्रीमती मंजूला भरद्वाज पुत्री स्व.राजकुमार भनोट के नाम पर उक्त प्रकोष्ठ क्रं. 5/3 को संयुक्त नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र फोटो युक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड) साक्ष्य के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् धार जिला धार म.प्र.

Email-cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक / 580 / लो. नि. शाखा / 2023 धार दिनांक 08.02.2023

तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद धार निर्माण कार्य करवाये जाने हेतु ई-निविदा सूचना www.mpeproc.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही उपलब्ध रहेगा।

| क्रं. | ऑनलाइन निविदा क्रं. | विवरण | लागत राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_251724_1 | विश्राम शाला स्थित नवीन सी.एम.ओ. निवास (क्वार्टर) निर्माण कार्य | 53.03 लाख | 39,979/- | 10,000/- |

1 समय सारणी–निविदा ऑनलाइन कय / बीड सबमिशन की अंतिम तिथि 24.02.2023 समय 17.30 बजे

(निशिकांत शुक्ला)
मु.न.पा. अधिकारी
न.पा. परिषद् धार

क्रं./581/लो.नि.शाखा/2023


# नहर का नक्शा ऑनलाइन दर्ज करवाने के लिए, कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

सिरोंज। नगर कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को एसडीएम प्रवीण प्रजापति को ज्ञापन देते हुए। नगर अध्यक्ष इरशाद गौरी ने बताया कि अभी नगरी क्षेत्र की नेहरो का नक्शा ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज नहीं होने के कारण गड़बड़ी करके जमीन की खरीद-फरोख्त की जा रही है। प्रॉपर्टी खरीदने के बाद उसका नामांतरण भी नहीं होता है इस गड़बड़ी को अंजाम देने वालों पर कार्रवाई की जाए तत्काल पटवारी को निर्देश देकर ऑनलाइन पोर्टल पर रिकॉर्ड दर्ज करवाया जाए। जिससे कि किसी भी नगरवासी को प्रॉपर्टी खरीदने के बाद परेशानी का सामना ना करना पड़े कुछ शातिर बदमाश लोगों के द्वारा गड़बड़ी करके जमीन को बिकवाने का काम किया जा रहा है। जबकि उक्त जमीन नहर के अभिलेख में होती है पर ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज नहीं होने के कारण भोले-भाले लोगों को अपने झांसे में लेकर फर्जीवाड़ा करने वालों के द्वारा इस काम को अंजाम दिया जाए इस काम में कई कर्मचारी भी शामिल है। उक्त भूमि को धोखे से क्रय एवं विक्रय किया जा रहा है जिसमें सभी की मिलीभगत है। उन्होंने आगे बताया कि ताजा द्वारा मैंने अपनी पत्नी के नाम जिसका सर्वे नंबर 1874/1/5 कुल रकवा 0-088 है जिसकी रजिस्ट्री 21.12.2022 को कराई गई थी रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया तो इस भूमि को 2007-2008 के अनुसार उक्त भूमि पर नहर दर्ज है एवं आवेदन पत्र को अस्वीकार कर दिया। पूरे मामले की जांच कराकर तत्काल इस खेल पर रोक लगाई जाए जिन लोगों के द्वारा गड़वाडी को अंजाम दिया उनके खिलाफभी कार्रवाई की जाए एसडीएम में कहा कि यदि ऐसा है तो



हम जांच करवा कर कार्रवाई करेंगे और रिकॉर्ड को भी पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज करवाएंगे । श्री गौरी ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से मांग की है कि भू राजस्व में नहर दर्द ना होने के कारण बहुत ही बड़ा घोटाला हो रहा है अति शीघ्र भू अभिलेख नक्शे में नहर दर्ज की जावे नहीं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा ।

**कब्रिस्तानों में भी बन गई कालोनियां** - ज्ञात हो की जहाँ कुछ वर्ष पूर्व कब्रिस्तान दिखाई देते थे आज वहां कालोनियां दिखाई दे रही है और देखा गया है जब भी नवीन वक्फकमेटियां बनती है तो झूठे दावे करने वाले वक्फबोर्ड के जिम्मेदार अधिकारी कब्रिस्तानो पर कब्जा कर लिया है ऐसा आवेदन तहसील में देते दिखाई देते है पर बाद में वो कहाँ गुम हो जाते है पता ही नहीं चलता ऐसा प्रतीत होता है आगे चलकर भोपाल की तरह सिरोंज में भी कब्रिस्तान में जगह की परेशानी आने वाली है क्यूँकि कही कई कब्रिस्तान कालोनियों में तब्दील हो गए और कई कब्रिस्तानों में मार्किट घुमठियों की शकल में बनते जा रहे है सूत्रों की माने तो जोकि बक्फबोर्ड के रिकार्ड में दर्ज भी है।

**श्मशान घाट को भी करवाया जाये अतिक्रमण मुक्त** - इसी तरह अशोक जैन खर्चा ने एसडीएम को आवेदन देते हुए कहा कि नगर में कहने के लिए तो 3 आम वाला श्मशान घाट पर यह शमशान घाट कागजों में ही बचा है भू-माफिया ने इस श्मशान घाट को अपने फायदे के लिए कब्जे में ले लिया है। श्मशान घाट की जांच करवाकर भू-माफिया के चंगुल से उसको मुक्त करवाकर उसका सीमांकन करवाया जाए जिन लोगों के द्वारा इसको हड़पने का प्रयास किया जा रहा है उनके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाए पहले मेरे द्वारा अनशन किया था तो प्रशासन ने सीमांकन कराकर अतिक्रमण धारी पर कार्रवाई करने की बात कही थी पर अभी तक उसको मुक्त नहीं करवाया गया है । जल्दी ही सभी श्मशान घाटों का सीमांकन करवा कर श्मशान घाटों को मुक्त नहीं करवाया तो मेरे द्वारा एक बार फिर किया अनशन जाएगा इसकी समझ जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ।


## कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल

जोन क्र. 15 यांत्रिक विभाग

**निविदा घोषणा पत्र**

क्रं. 1044/ या. वि. / 2023 दिनांक 14/2/23

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार पसेंटेज में हरबंध निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 03.03.2023 को दिन के 03:00 बजे आमंत्रित की जाती हैं। घरोहर राशि क्रॉस डिमांड ड्राफ्ट आयुक्त, नगर निगम भोपाल के नाम पर होना चाहिये, प्राप्त निविदा आमंत्रित दिवस को दोपहर 03~00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उपस्थित ठेकेदार के समक्ष खोली जायेगी। प्रपत्र क्रय करने की पात्रता नगर निगम भोपाल एवं केन्द्रीयकृत यवस्था के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग एवं वांछित श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो की होगी प्रपत्र दिनांक 02.03.2023 को तथा इसी तिथि के पूर्व कार्यालयीन समय 02:00 बजे तक क्रय किये जा सकते है। अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में देखे जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | ठेकेदार श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित SOR | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.62 दौलतपुरा कोकता में प्राचीन हनुमान मंदिर के सामने पेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य | 4,69,912/- | 4,700/- | 2,000/- | PWD रजिस्ट्रेशन | म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भवन ISSR 2021 | 01 माह |
| 2 | वार्ड क्र.62 ईशान पार्क में पार्क का विकास कार्य। | 1,60,009/- | 3,200/- | 1,000/- | PWD रजिस्ट्रेशन | म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भवन ISSR 2021 | 01 माह |
| 3 | वार्ड क्र.64 टनाटन ढाबे के पास कम्फर्ट हेरिटेज कॉलोनी के सामने रेम्प निर्माण कार्य | 1,62,526/- | 1,630/- | 1,000, | PWD रजिस्ट्रेशन | म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भवन ISSR 2021 | 01 माह |
| 4 | वार्ड क्र.64 प्रकाश नगर 11 मुखी हनुमान मंदिर के पास निर्माण कार्य। | 2,51,826/- | 2,520/- | 2,000/- | PWD रजिस्ट्रेशन | म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भवन ISSR 2021 | 01 माह |

1. समस्त सीमेंट कान्क्रीट सड़क निर्माण कार्यों की गांरटी अवधि 05 वर्ष की रहेगी एंव कुल 10 प्रतिशत की राशि प्रतिभूति राशि के BG अथवा FDR के रूप मे जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। 2. लिफाफा क्र. 01 धरोहर राशि एंव लिफाफा क्र. 2 में निविदा दर प्रस्तुत किया जाना होगा। प्रथमतः धरोहर राशि का लिफाफा खोला जाएगा एंव धरोहर राशि सही पाये जाने पर ही निविदा दर का लिफाफा खोला जावेगा । 3. यदि अपरिहार्य कारणो में निविदा प्राप्ति / खोलने के दिवस शासकीय अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही सम्पादित की जावेगी । 4. निविदा क्रय करने हेतु आवेदन के साथ जीवित पंजीयन की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 5.उक्त निर्माण कार्यों में उपयोग किया जाने वाले गौण खनिजो की रायल्टी का भुगतान टेकेदारों द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा ।6. निविदा की दरे निविदा खोलने के दिनांक से 120 दिवस तक वैध रहेगी ।7. 10 प्रतिशत से अधिक Below percentage कोड किये जाने की दशा में कार्य हेतु परफार्मेस सिक्यूरिटी के रूप में बैक गांरटी जमा होगी। 8. ई.पी.एफ पंजीयन पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं।

नि.क्रं.1565/022/023

**सहायक यंत्री (सिविल)**
**जोन नगर पालिक निगम भोपाल**

## देवकीनंदन ठाकुर जी से मिले युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच के पदाधिकारी



**छिंदवाड़ा ।** देश की संस्कृति से जुड़े विषय शास्त्रीय संगीत विधा से युवाओं को जोड़ने हेतु व्यासपीठ से उल्लेख का किया निवेदन साहित्य, संगीत, संस्कृति को समर्पित ज़िले की संस्था युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच छिंदवाड़ा के पदाधिकारियों ने विगत दिवस ज़िले में पधारे राष्ट्रीय संत देवकीनंदन ठाकुर जी से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही महाराज श्री के समक्ष युवाओं को शास्त्रीय संगीत विधा से जोड़ने हेतु व्यासपीठ से उल्लेख का निवेदन किया, विदित हो कि विगत दिवस की कथा में महाराजश्री द्वारा पाश्चात्य संस्कृति से जुड़े नृत्य आदि बिन्दुओं पर कथा में प्रकाश डाला गया था एवं पाश्चात्य संस्कृति को न अपनाने का निवेदन भक्तों से किया गया था। भेंट के दौरान संस्था के राकेश %राज%, पंकज बोंडे, रुचित बरमैया, संदीप विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## आदर्श क्लब अतरवाड़ा ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

### पूर्व मंत्री ने विजेता, उपविजेता टीम को बांटे पुरुस्कार

छिंदवाड़ा । माल्हनवाड़ा में चल रही पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ7 आदर्श क्रिकेट क्लब माल्हनवाड़ा के तत्वाधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला लाला 11 चिखली एवं आदर्श क्लब अतरवाडा के मध्य खेला गया,जिसमें आदर्श क्लब अतरवाडा विजय हुआ लाला 11 चखली के द्वारा 112



रन किसको बनाया और आदर्श क्लब अतरवाडा को 113 रन का लक्ष्य दिया7 जिसे आदर्श क्लब अतरवाडा ने 11.2 ओवर में ही 113 रन बनाकर विजयी हुआ मैन ऑफ द सीरीज जुबेर शाह और मैन ऑफ द मैच प्रकाश भारती को दिया गया साथ ही अन्य पुरस्कार भी दिए गए7 पुरस्कार के रुप में विजेता टीम को ?15000 एवं ट्राफी एवं उपविजेता टीम को ?7500 एवं ट्राफी प्रदान की गई सपथ ही पूर्व मंत्री श्री सिंह द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को शील्ड प्रदान की गई कार्यक्रम में पूर्व मंत्री के साथ ग्राम पटेल खुमान सिंह चौधरी रामेसिंह चौधरी बिल्लू चौधरी नीति राज रघुवंशी सत्येंद्र चौधरी अल्ताफ शाह सलीम शाह गोलू शाह नितिन ठाकुर सोहन साहू शहीद शाह संदीप चंद्रवंशी रघुनाथ उईके राधे उईके श्री चंद्र परानी रामकृष्ण भारती इसराइल शाह मनोज उईके राकेश डेहरिया आदर्श क्लब माल्हनवाड़ा के अध्यक्ष नितिन माहोरे उपाध्यक्ष प्रकाश भारती सचिव राकेश डेहरिया समिति सदस्य अखिलेश डेहरिया रुपेश धुर्वे आकाश उईके आदित्य धुर्वे रोहित धुर्वे नियाज शाउ जितेंद्र उईके सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक दर्शक गण उपस्थित हुए।

## राष्ट्रीय हिंदू सेना ने फूंका वैलेनटाइन का पुतला




**छिंदवाड़ा ।** राष्ट्रीय हिंदू सेना जिला अध्यक्ष यमन साहू ने बताया कि वैलेंटाइन डे पाश्रात्य संस्कृति के विरोध में राष्ट्रीय हिंदू सेना क्ड्डे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता फव्वारा चौक में एकत्रित होकर पुतला दहन किया ओर पुलावामा अटैक मे हुऐ शहीदो को याद कर अमर रहे के नारा लगाऐ गये इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय हिंदू सेना जिला उपाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव छात्र परिषद जिलाध्यक्ष विजय गौली , जिला सहमंत्री मोनू यादव नगर अध्यक्ष ऋषि लाला उपाध्यक्ष नवीन यादव मंडल अध्यक्ष अमित पटेल राजा वर्मा पवन चंद्रवंशी उमेश चंद्रवंशी अभिषेक ताम्रकार राही साहू मोहित ठाकरे वैभव श्रीवास्तव अमित उईके एंव सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डी सी ए मेरठ ने आरईपीएल लखनऊ को 7 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

**छिंदवाड़ा।** प्रतियोगिता सचिव संदीप मालवीय व प्रतियोगिता उपाध्यक्ष एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल ने बताया कि आज का मैच सेमीफाइनल मैच डीसीए मेरठ व आरईपलएल लखनऊ के मध्य खेला गया । पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाएं । जिसमे 60 रन शाश्वत पांडे व 54 रन अभय दुबे ने बनाये। डीसीए मेरठ के गेंदबाज अंकुश नागर ने 3 व समीर चौधरी ने 2 विकेट लिए। 161 रनों के लक्ष्य को डीसीए मेरठ ने 18.1 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। डीसीए मेरठ के बल्लेबाज संदीप तोमर ने 65 व यशु प्रधान ने नाबाद 61 रन बनाए। मैच 7 विकेट से डीसीए मेरठ ने जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में अंपायर वीसीए से रजिस्टर्ड अंपायर मोनीश रामटेके व दिग्विजय डिसिल्वा स्कोरर अभय मालवी व कमेंट्रेटर श्रान्त चन्देल रहे। मैन ऑफ द मैच ?1100 संदीप तोमर को प्रदान किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, उपाध्यक्ष एवं खेल मित्र नितिन खंडेलवाल, सचिव संदीप मालवीय, कोषाध्यक्ष प्रमोद मालवीय, सदस्य शैलेश करमरकर, भीष्म प्रताप चौहान, अभय मालवी है।फाइनल मैच 16 फरवरी दिन गुरुवार को सुबह 10:00 से होगा । मैच दादा साई बोरवेल वीटीसीए नागपुर व डीसीए मेरठ के मध्य खेला जाएगा।

# हत्यारे को आजीवन सश्रम कारावास एवं जुर्माना

### थाना हर्रई का मामला सिर में कुल्हाड़ी मारकर ली थी जान

**अमरवाड़ा।** अपर सत्र न्यायालय अमरवाड़ा के अतिरिक्त अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमान अजयनील करोठिया द्वारा थाना हर्रई के अपराध क्रमांक 237/2021, सत्र प्रकरण क्रमांक 35/2021, धारा 302 भादवि अंतर्गत ग्राम तेंदनी थाना हर्रई निवासी कमलेश उर्फ छुट्टन उर्फ कमांडो पिता ताराचंद सल्लाम, उम्र 28 वर्ष को *आजीवन सश्रम कारावास एवं जुर्माने* से दंडित किया गया है।प्रकरण मे सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक अखिल सोनी द्वारा घटना के सम्बंध में बताया गया कि दिनांक 27/08/2021 को भरतलाल थाना हर्रई के ग्राम तेंदनी से सिंगोड़ी मजदूरी करने गया था,शाम करीब 4:20 बजे भरतलाल को उसकी पत्नी ने फोन कर बताया कि तुम जल्दी घर आ जाओ,अपने गांव का कमलेश छुट्टन अपने घर के सामने वाले दीपक के घर आया था और बोल रहा था कि सीताराम दारू पीकर मेरे साथ गाली गुफ्तार कर रहा था तो मैने सीताराम को मारा है और वह मेरे घर में पड़ा है, उसे ठिकाने लगाने के लिए दीपक तेरी मोटर साईकिल चाहिए, तो दीपक ने उसे गाड़ी देने से मना कर दिया तो इसी बात पर कमलेश छुट्टन ने दीपक से झगडा भी किया है। इतना सुनकर भरतलाल अपने साथी के साथ मोटर साईकिल से कमलेश के घर तेंदनी में करीब 4:45 बजे पहुंचे, जहाँ भरतलाल ने देखा कि मामा सीताराम गजाम कमलेश के घर की परछी के अंदर नीचे जमीन पर पड़ा था और बचाने के लिए चिल्ला रहा था, कमलेश छुट्टन भी कुल्हाड़ी हाथ में लिए वहीं पर था, सीताराम के बचाने के लिए चिल्लाता देख आरोपी कमलेश छुट्टन ने कहा कि सीताराम साले तू अभी तक जिंदा है और भरत लाल के सामने, कमलेश छुट्टन ने सीताराम के सर में कुल्हाड़ी से मार दिया और कमलेश छुट्टन वहां से अपने घर के पास मक्का की बाड़ी तरफ कुल्हाड़ी लेकर भाग गया।



भरत लाल, मामा सीताराम को घायल अवस्था में सीएचसी हर्रई लेकर गया, जहां डॉक्टर द्वारा सीताराम की मृत्यु की पुष्टि गई। भरत लाल की सूचना पर थाना हर्रई में प्राथमिकी दर्ज की गई।पुलिस थाना हर्रई द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर आरोपी कमलेश उर्फ छुट्टन उर्फ कमांडो के विरुद्ध धारा 302 भादवि अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना प्रारंभ की गई।तत्कालीन *थाना प्रभारी व्ही. पी. मिश्रा* द्वारा घटना की सघन विवेचना कर चशमदीद एवं संबंधित साक्षियों के कथन लिए गए, आरोपी कमलेश की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार कुल्हाड़ी जप्त कर, अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा साक्षियों के कथन एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर आरोपी कमलेश उर्फ छुट्टन उर्फ कमांडो को धारा 302 भादवि के अधीन दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।

# जनहित एवं विकास के लिए थी उनकी पत्रकारिता

### स्व. श्री राजेन्द्र अग्रवाल पुण्यतिथि आज

*गोविन्द चौरसिया*

*छिंदवाड़ा1। जीवन में संघर्ष सुख-दुख मिलन वियोग अनिवार्य नियति हैं। इसे सहज रूप से स्वीकार करना चाहिये, हमेशा यह कहने वाले जनपक्ष के संस्थापक स्व. श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी ने अपने जीवन में काफी संघर्ष किया, उनकी पत्रकारिता संघर्षशील थी, किंतु वे कभी विचलित नहीं हुए। दैनिक जनपक्ष आज एक स्थापित अखबार है। राजेन्द्र अग्रवाल जी की पत्रकारिता एक मिशन के रूप में रही, विकास एवं जनसमस्यों को हमेशा उन्होने उठाया एवं जनता एवं शासन को मार्ग दर्शन भी दिया।*



*जबलपुर-गोंदिया-छिंदवाड़ा नागपुर ब्राड गेज के लिए उन्होने सबसे पहले अवाज उठाई थी। जिससे उत्तर से दक्षिण को जोड़ने में 300 किलो मीटर की दूरी कम होती है। आजादी के बाद रेल्वे ने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया किन्तु, जब लगातार मांग उठने लगी तो सरकार ने इस ओर ध्यान दिया, वर्तमान में बड़ी रेल लाईन बनने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और शीघ्र यहां से रेले चलना प्रारम्भ हो जायेगी और छिंदवाड़ा देश के प्रमुख शहरों से जुड़ जायेगा। इस रेल लाईन के बनने से आम जनता को फायदा होगा एवं क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। 15 फरवरी 2005 को उनका दुर्घटना में निधन हो गया। निधन के तीन दिन पहले उन्होने 12 फरवरी 2005 को विशेष संपादकीय लिखकर कहा था कि मुख्यमंत्री ब्राडगेज के लिए दबाव बनाये।*

*स्व. अग्रवाल जी की जान-पहचान बेमिशाल थी, जब कहीं भी दौरे पर जाते तो अपने मित्रों से जरूर मिलते थे। मित्रों, नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों से राजनैतिक समाजिक एवं विकास से संबंधित चर्चाएं जरूर करते थे। जनपक्ष के संपादक के नाते वे अपने प्रतिनिधियों को ख्याल जरूर रखेते थे। वे हमेशा कहते थे कि संवाददाता हमारे आंख-कान है, उनसे ही हमें क्षेत्रों से फीड बेक मिलता है, वे ही अखबारों का प्रचार प्रसार करते हैं एवं स्थापित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसीलिए सभी प्रतिनिधी चाहे छोटा हो बड़ा हो उनसे हमेशा चर्चायें करते रहना चाहिये, क्योंकि वास्तविकता की जानकारी वे ही देगें।*

*जो मिशन के रूप में पत्रकारिता करते है, उनके लिए अखबार निकालना बहुत मुश्किल का कार्य है, क्योकि उनके सामने आर्थिक संकट बना रहता है, खर्चे बहुत बढ रहे है, किन्तु क्षेत्रीय संवाददाता ही अखबार को संबल प्रदान करता है और पहचान बनाता है, बहुत से ऐसे अखबार है जो फाईल कापी तक सीमित रहते है, उनके मालिक सम्पादक तो कहलाते है किन्तु क्षेत्र में अपनी पहचान नहीं बना पाते इसीलिए कहते थे कि अखबार को जनता का बना दो, नेता और विज्ञापन दाता अपने आप आयेंगे। श्री अग्रवाल जी का सपना अब पूरा होगा उत्तर और दक्षिण से जबलपुर-छिंदवाड़ा जुड़ जावेगा।*

*चुनाव में उनको विशेषज्ञता हासिल थी, वे जानकारियों का खजाना था उनका विश्लेषण सटीक होता था, कई राजनेता उनके मित्र थे। आज वे हमारे बीच नहीं है उनका मार्ग दर्शन एवं यादे हमेशा प्रेरणा देती रहेगी, उनकी पुण्यतिथि पर हम सब उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।*

# भोलेनाथ की बारात, झूम उठा कथा पंडाल

### मनाया भगवान भोलेनाथ का विवाह उत्सव




**छिन्दवाड़ा ।** शहर के दशहरा मैदान में चल रहे शिव महापुराण कथा महोत्सव में मंगलवार को शिव विवाह महोत्सव मनाया गया पंडाल में बारात पहुँचते ही पूरा पंडाल झूम उठा हजारो हजार श्रद्धालु की आस्था भक्ति के स्वयं आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज साक्षी बने और अपने भजन भोला बम भोला बम के साथ ही नाम रस मीठा है पर श्रद्धालुओं को उन्होंने जमकर नचाया बारात टाऊन हाल से निकाली गई जो डी जे बैंड बाजा के साथ नाचते - गाते कथा स्थल दशहरा मैदान पहुंची थी बारात में दूल्हा बने भगवान शंकर सहित नंदी ,भ्रंगि श्रृंगी भूत प्रेत पिशाच डाकिनी शाकिनी बने पात्र आकर्षण का केंद्र थे बारात में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए और रास्ते भर नाचते गाते भोले नाथ के विवाह के आनंद में भागीदारी की बारात के कथा स्थल पहुँचने पर श्रद्धालुओं ने फूलों की बरसात कर भगवान भोले नाथ का स्वागत कर ऐसा अलौकिक दृश्य खड़ा कर दिया जिसे दुर्लभ ही कहा जाता है पूरा पंडाल आनंद से सरोबार था हर श्रद्धालु भोलेनाथ बाबा की भक्ति रस में डूबा था मंच पर विवाह उत्सव का प्रदर्शन कथा महोत्सव में अब तक का सबसे बड़ा आनंद महोत्सव था।

**17 फरवरी को छिन्दवाड़ा में सनातन यात्रा**

आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज 17 फरवरी को छिन्दवाड़ा में सनातन यात्रा निकालेंगे व्यास पीठ से उन्होंने इसकी घोषणा की यात्रा 17 फरवरी के दिन की कथा के बाद कथा स्थल से निकाली जाएगी यात्रा में पूरा छिन्दवाड़ा शामिल होगा उन्होंने कहा कि पूरे देश मे वे सनातन को जगाने का ही कार्य कर रहे हैं यह यात्रा छिन्दवाड़ा के सनातनियो के लिए टेस्ट होगी भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए यह यात्रा होगी यात्रा में शामिल लोग ध्वज और फूल लेकर चलेंगे उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया मे सनातन का डंका बज रहा है हमे हमेशा सनातन के लिए एक साथ खड़े रहना है सनातन का झंडा बुलंद करना है स्वयं और आने वाली पीढ़ी को भी तैयार करना है आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज ने आज पंडाल में जय श्री राम का जय घोष भी कराया

**साहू परिवार ने किया सत्कार**

आचार्य देवकी नंदन ठाकुर महाराज के व्यास पीठ धारण करने पर व्यास पीठ पूजन और समापन आरती यजमान साहू परिवार के नरेंद्र साहू ,विवेक बंटी साहू ,नवीन साहू सहित परिवार जनों ने की माता -पिता पूजन शिव बारात सत्कार के साथ ही हजारों हजार की संख्या में शिव महापुराण कथा महोत्सव में प्रतिदिन आ रहे श्रद्धालुओं के प्रति भी साहू परिवार ने कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ जिले वासियो से 17 फरवरी को महाराज श्री के नेतृत्व में निकलने वाली सनातन जागरण यात्रा में में शामिल होने का आह्वान किया है।

## षड्यंत्र के तहत अराजकता फैलाना चाहते हैं कांग्रेसी: विवेक बंटी साहू

### विकास यात्रा हमारे कामों का हिसाब



**छिंदवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी का लक्ष्य गरीब कल्याण है और उनके लक्ष्य को पूरा करने मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी संकल्पित है।उन्हीं के साथ भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता गरीब कल्याण के लिए संकल्पित है। जिसके तहत प्रशासन द्वारा निकाली जा रही विकास यात्रा में जनता के साथ भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता भी पहुंच रहा है।कांग्रेसी विधायकों की जिम्मेदारी है कि वे विकास यात्रा में शामिल होवे एवं व्यवस्था बनाए लेकिन वे खुद तो विकास यात्रा में नहीं पहुंच रहे और जनता के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं के पहुंचने से उनके पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेसी विधायकों द्वारा विकास यात्रा पर उठाए गए सवाल और ला एंड ऑर्डर की स्थिति बिगाड़ने की बात का पलटवार करते हुए जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने कहा की भ्रम फैलाकर और षड्यंत्र रचकर कांग्रेस और कांग्रेसी विधायक अराजकता फैलाना चाहते हैं। और ला एंड आर्डर की स्थिति बिगाड़ना चाहते हैं लेकिन वे भूल रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को स्वीकार नहीं करेगी।

जिलाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि कोरोना काल में जब भाजपा के कार्यकर्ता जनता की मदद कर रहे थे।तब ये कांग्रेसी घर में छिपे बैठे थे। मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना में इन्हे बुलाया गया था ये नहीं आए।अब ये विकास यात्रा के लिए आपत्ति जता रहे है।जनता की बात सुन रहे, जनता इन्हें ढूंढ रही है।जबसे नगर निगम और जन पालिका में कांग्रेस बैठी है। नगर निगम की हालत पस्त है। गंदगी अंबार लगा हुआ है। साफ सफाई नहीं हो रही है। जनता परेशान है। भ्रष्टाचार मचा हुआ है।

## पुलवामा हमले में शहीद सैनिको को नमन करते हुए जागरूकता रैली निकालकर दी श्रद्धांजलि



**छिन्दवाड़ा ।** जय जवान सोसाइटी एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संयुक्त तत्वाधान मे पुलवामा हमले की चौथी बरसी पर युवाओं एवं पूर्व सैनिको ने लोगो मे जागरूकता फैलाने हेतु रैली नकाली गयी एवं शहीद स्मारक पर दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। एबीपी एस एस पी के अध्यक्ष एवं सोसाइटी के संचालक से. नि. सूबेदार मोहन घंगारे ने बताया की रैली लोगो मे जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शहर मे निकाली गयी है। उन्होंने बताया की सुरक्षा का कार्य केवल आर्मी या पुलिस का ही नहीं इस देश मे रहने वाले प्रत्येक नागरिक की जवाबदारी एवं जिम्मेदारी बनती है।की देश के विरुद्ध होने वाली घटनाओ की जानकारी जिम्मेदार व्यक्ति को दे एवं स्वत: भी रोकने का हर संभव प्रयास करें। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय संयोजक राजेश पाटिल, पूर्व सैनिक सुभाष साहू, परमात्मा प्रसाद शुक्ला, नारायण मालवी, वासुदेव दोड़के, जीतेन्द्र सिंह राजपूत, सीताराम कतिया, सैनिक अरविन्द कुमरे, जय जवान से पी टी आई सौरभ कवरेती, सोनू अटकोम, मनोज इन्वाती, राजकुमार धुर्वे, मोहन घंगारे एवं सभी बालक एवं बालिकाएं उपस्थित रहे।

## सरकार की योजनाओं से हर वर्ग समाज की मुख्य धारा में जुड़ रहा:पं रमेश दुबे



**चौरई ।** केंद्र की नरेंद्र मोदी जी की सरकार और प्रदेश की शिवराज जी की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विकास यात्रा गाँव गाँव पहुँच रही है जिसे अपार जनसमर्थन मिल रहा है इसी क्रम में मप्र विकास यात्रा का मंगलवार को चौरई क्षेत्र में पूर्व विधायक पं रमेश दुबे जी ने क्षेत्र के ग्राम रानीखैरी व तीतरी में कन्यापूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया पूर्व विधायक श्री दुबे जी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में गांव के विकास के लिए लाखों रू की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया गया इस अवसर पर श्री दुबे जी ने कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की शिवराज सरकार की प्राथमिकता गरीब मजदूर तथा किसान हैं और यही कारण है कि अंत्योदय पथ पर चलते हुए भाजपा सरकार की प्रत्येक योजना तथा निर्णय में गांव गरीब मजदूर किसान की आर्थिक व सामाजिक उन्नति शामिल है सरकार हर वर्ग के लोगो को योजनाओं का लाभ दे रही है जिससे वह समाज की मुख्य धारा में जुड़ सकें सबके कल्याण की भावना से सरकारें काम कर रही हैं इस दौरान मंडल अध्यक्ष कामेंद्र ठाकुर, डॉ विजेंद्र ठाकुर, राजकुमार यादव जंप सदस्य मनोज लिल्हारे, जंप सदस्य नरेश पचकोडी, अमित चौधरी, सुशील वर्मा, लखन वर्मा, निरंकार पटेल, गोलू पटेल, रानू पटेल, आदित्य ठाकुर, गुनाराम बरोले, सरपंच लीला बालकराम खनवे, सरपंच भगवानदास वर्मा, सरपंच अनुसुइया राजू वर्मा, सरपंच टीकाराम साहू, सरपंच झनकलाल मंगरोले, सरपंच ईश्वर वर्मा, संतराम वर्मा, रामकुमार पटेल, राजेश खनवे तहसीलदार गीता राहंगडाले, नायब तहसीलदार , कृषि अधिकारी उमेश पाटील, कनिष्ठ आपूर्ति रवि मुकासे, बीआरसी मुकेश श्रीवास्तव, एई रोहिणी बघेले समेत समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## किसानों सहित महिलाओं ने एसडीएम को दिया ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी



**अमरवाड़ा।** सकरवाडा,सालीवाडा शारदा और रानी कामत के ग्रामीणों ने एक बार पुन: एसडीएम को समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपकर त्वरित निराकरण करने का निवेदन किया है। आपको बता दें कि सोमवार को भी तीनों ग्रामों के किसानों ने मिलकर एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था जबकि मंगलवार को भी बर्बाद हो रही फसलों पर चिंता जताते हुए किसानों और महिलाओं ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम मनोज प्रजापति को ज्ञापन सौंपा और कहा कि जल्द से जल्द नहरों को चालू कराया जावे ताकि सूख रही फसलों को बचाया जा सके। इस संबंध में एसडीएम मनोज प्रजापति ने कहा कि जल्द ही इस संबंध में चर्चा करता हूं। वही किसानों ने कहा कि यदि बुधवार तक कोई सुनवाई नहीं होती है। तो बड़े स्तर पर जन आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की

# देश में 61 करोड़ तथा जिले में 8 लाख माता-पिता पूजे गये

**छिंदवाड़ा ।** परम पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से विश्व के 167 देशों में मनाया जाने वाला ''मातृ - पितृ पूजन दिवस'' की धूम जिले सहित पूरे देश में रही । यह कार्यक्रम जिले के लगभग 1962 ग्रामो ओर हजारों स्कूलों तथा देश की लगभग 67 लाख शैक्षणिक संस्थाओं में विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ । आयोजक श्री योग वेदान्त सेवा समिति 1 दिसम्बर से ही कार्यक्रम की सुरुवात कर ली थी जिसमें जिले के सभी धार्मिक एव सामाजिक आयोजन के अलावा हजारों स्कूलों में यह कार्यक्रम करवाया । देश भर में कार्यरत 2200 समितियों और 550 आश्रम प्रमुखों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की थी। बच्चों में, विद्यार्थियों में, युवाओं में अच्छे संस्कारों का सिंचन हो, अपने-अपने माता-पिता के प्रति पूज्य भाव प्रकट हो, इस निमित प्रतिवर्ष यह आयोजन सम्पन्न कराये जातें हैं। मातृ - पितृ पूजन दिवस की शुरूआत सन् 2006 में छिन्दवाड़ा गुरुकुल से हुई थी। आज यह विश्वव्यापी अभियान बन गया है। गुरुकुल में अध्ययन रत 24 राज्य और विदेशों के अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ । मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश केशव प्रसाद तिवारी , जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक (बंटी) साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कन्हईराम रघुवंशी , नगर निगम महापौर विक्रम आहाके, सभापति राहुल मालवीय, लायन्स क्लब के पूरनलाल राजलानी , यूनिक कॉलेज के संचालक डॉ. अनिल सदाफल, जिला जेल अधीक्षक यजुवेंद्र वाघमारे , केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य हरिप्रसाद, राष्ट्रीय बजरंग दल से नितेश साहू , गायत्री परिवार से राजेश साहू, सिक्ख समाज से कुलदीप अरोरा, मुस्लिम समाज से रिजवान कुरैशी, काँग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सुरेश कपाले, कलार समाज के प्रमुख सुजीत सूर्यवंशी , पवार समाज के प्रमुख हेमराज पटले, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष दिगम्बर ठाकरे, विश्व हिंदू परिषद के अजय बन्देवार , वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया, सेवानिवृत्त इंजीनियरिंग लेखराम साहू, श्री डहेरिया, सेवानिवृत्त स्ष्ठ्ठ सिचाई, मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम की जमकर सराहना की । समिति से प्राप्त जानकारी से ज्ञात हुआ कि देशभर में लगभग 61 करोड़ तथा जिले में 8 लाख से अधिक माता- पिता पूजे गये हैं। इस भव्य आयोजन हेतु सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के प्रार्थना पत्र पर देश के महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एव प्रदेस के मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहले ही आदेशित कर चुकें हैं। इसी आदेश की वजह से जिले सहित देश के अन्य कलेक्टरों ने एव जिला शिक्षा अधिकारियों ने भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया। इस सेवाकार्य में शक्ति ट्रस्ट एवं सँस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी आश्रम खजरी का योगदान सराहनीय रहा। इस दैवीय कार्य मेंसाध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, समिति अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, खजरी आश्रम के जयराम भाई, गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक दोईफोड़े, विशाल चवुत्रे, सचिन चवुत्रे,महिला समिति से सुमन दोईफोड़े, दीपा डोडानी, डॉ. मीरा पराडकर, छाया सूर्यवंशी ,पूनम मक्कड़ ने अपनी सेवाएं दी। समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम हेतु राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्री, जिला कलेक्टर और स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मिडिया का आभार व्यक्त किया।



# उपभोक्ताओं को प्रताड़ित करना बंद करें बिजली कंपनी: उपाध्याय

### जबरन वसूली के खिलाफ मोर्चा खोलेगा कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ

**छिन्दवाड़ा ।** विद्युत वितरण कम्पनी के द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को निरंतर प्रताड़ित किया जा रहा है जिससे समस्त बिजली उपभोक्ता आहत है और उनमें विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है। जबरन की जा रही वसूली को कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ ने अवैध करार देते हुये जल्द ही इसके खिलाफ मोर्चा खोलने की चेतावनी दी है।जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने अपनी जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को पुराने बिजली बिल की बकाया राशि ना चुकाने पर मानवीय पहलुओं को भूलकर अपमानित किया जा रहा है। घरों में जबरदस्ती प्रवेश कर चौपहिया एवं दोपहिया वाहनों की जब्ती कर कुर्की की जा रही है जो कि एक अमानवीय बर्ताव है। गरीब किसान एवं आमजन बिजली के बेतहाशा बिलों से परेशान है। बिजली के अधिक भार के कारण भी घरेलू उपभोक्ता परेशान है। विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष शिकायतों के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। श्री उपाध्याय ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान है। किसान अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे। कुटीर उद्योगों के संचालन में भी परेशानी हो रही है। खराब ट्रांसफार्मर और विद्युत मीटर उपभोक्ताओं के लिये परेशानी बन चुके हैं। जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने चेतावनी दी है कि बिजली कम्पनी उपभोक्ताओं को प्रताड़ित करना बंद करने अन्यथा उग्र आंदोलन किया जावेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## पुलवामा शहीदों को नमन कर किया रक्तदान

**सिंगोड़ी** - 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए सभी 40 वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए झंडा वंदन समिति सिंगोड़ी द्वारा शासकीय बालक माध्यमिक शाला सिंगोड़ी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कर सभी वीर शहीदों को नमन किया गया।



## मुख्यमंत्री ने लगाए पीपल, सप्तपर्णी और गुग्गुल के पौधे



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, सप्तपर्णी और गुग्गुल के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ जिला पंचायत भोपाल की अध्यक्ष श्रीमती रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर तथा पार्षद श्रीमती बृजुला सचान ने अपने जन्म दिवस पर पौधरोपण किया।



बीजेपी विधायक नारायण त्रिपाठी व्यापम चौराहे पर स्थित स्वर्गीय अर्जुन सिंह की प्रतिमा का अवलोकन करने पहुंचे।

# जनता के आवेदनों पर कार्यवाही में देर करने वाले कई अधिकारी और कर्मचारी दंडित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा समाधान ऑनलाइन में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विभिन्न जिलों के आवेदकों की लंबित समस्याओं का ऑनलाइन समाधान करवाया। मुख्यमंत्री ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विभागों, जिलों और सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। समाधान ऑनलाइन में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी और राज्य लोक सेवा अभिकरण के कार्यपालन संचालक अभिजीत अग्रवाल उपस्थित थे।

श्री चौहान ने विभिन्न प्रकरणों में विलंब के दोषी एक विकासखंड चिकित्सा अधिकारी की वेतनवृद्धि रोकने, एक पटवारी के निलंबन, एक प्रकरण में विभागीय जाँच, दो तहसीलदार की एक-एक वेतनवृद्धि रोकने और एक प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए हैं। श्री चौहान ने सीधी जिले की आवेदिका नीतू पटेल द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में सहायता राशि प्राप्त न होने की शिकायत पर आवेदिका को 51 हजार रूपए की राशि का भुगतान करवाया है। जनपद कार्यालय सीधी को भविष्य में ऐसे प्रकरणों में तत्काल सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह के एक अन्य प्रकरण में उमरिया जिले के पुरूषोत्तम सिंह के आवेदन पर भी आवश्यक कार्यवाही करते हुए सहायता राशि का भुगतान करवाया गया। सिंगरौली जिले के आवेदक श्री बृजेश की शिकायत पर भी समाधान की कार्यवाही की गई। इस प्रकरण में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरण का निराकरण करने वाले अधिकारी द्वारा मोबाइल नंबर परिवर्तित कर दिए जाने से विलंब हुआ था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदनों के निराकरण के लिए दायित्व निभा रहे अधिकारियों द्वारा मोबाइल नंबर बदलने की सुविधा का दुरूपयोग न किया जाए।

समाधान ऑनलाइन में उमरिया जिले के नवीन नथिक द्वारा पत्नी बबीता को प्रसूति सहायता राशि के भुगतान में विलंब की शिकायत पर राशि का भुगतान करवाया गया।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस प्रकरण में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। दोषी सिद्ध ए.एन.एम. को पद से पृथक करने और सुपरवाईजर को निलंबित करने की कार्यवाही भी पहले की जा चुकी है। रीवा जिले के रोहित पांडे द्वारा ग्राम पैपखरा में नल-जल योजना से पानी न मिलने की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए सुचारू जल प्रदाय करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नल-जल योजनाओं से संबंधित तकनीकी खराबियों को समय पर सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने जनता की सुविधा से जुड़े ऐसे कार्यों में लापरवाही के लिए दोषी अधिकारी-कर्मचारी को दंडित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी से तीन दिन में जाँच करवा कर अवगत कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने उज्जैन जिले के श्यामलाल प्रजापत के जमीन का विवरण ऑनलाइन फीड करवाने के आवेदन पर कार्यवाही न होने को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने दोषी सिद्ध 2 तहसीलदारों की एक-एक वेतनवृद्धि रोकने एवं एक पटवारी को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जबलपुर के श्री मेघराज गोंड के वन्य-प्राणी द्वारा हमले में घायल होने पर मुआवजा राशि न मिलने का आवेदन दिया था। इस प्रकरण में आवेदक को 50 हजार रूपए की मुआवजा राशि का भुगतान तत्काल करवाया गया। छिंदवाड़ा जिले के दो प्रकरणों में भी श्री चौहान ने आवेदकों की समस्या का समाधान करवाया। रमेश मर्सकोले द्वारा छात्रवृत्ति प्राप्त न होने की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया था। समाधान ऑनलाइन में प्रकरण आने के बाद आवेदक को 34 हजार 818 रूपए की छात्रवृत्ति का भुगतान कर दिया गया है। विलंब के दोषी प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। छिंदवाड़ा जिले की ही सुश्री रागिनी सोनी के आवेदन में अंकसूची प्रदान करने के निर्देश दिए गए। इस प्रकरण में आवेदन को निराकरण के बिना फोर्स क्लोज किए जाने के लिए निजी शिक्षण संस्था के पदाधिकारियों को नोटिस दिया गया है।

**सामाजिक न्याय विभाग निराकरण में अव्वल-** समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों के निराकरण में इस माह 88.52 अंक प्राप्त कर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग अव्वल रहा है। रेटिंग में जो अन्य विभाग 'ए' श्रेणी में हैं उनमें ऊर्जा विभाग 86.91 अंक के साथ दूसरे, परिवहन विभाग 85.75 अंक के साथ तीसरे, गृह विभाग 85.74 अंक के साथ चौथे स्थान पर और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 85.3 अंक के साथ पाँचवें स्थान पर रहा है। मुख्यमंत्री ने इन विभागों को बधाई देते हुए अन्य विभागों द्वारा भी जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही किए जाने और आवेदकों की संतुष्टि के प्रतिशत को बढ़ाने के निर्देश दिए।

**जिलों में सबसे आगे सीहोर-** शिकायतों के निराकरण में उच्च प्रदर्शन वाले जिलों में सीहोर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, छतरपुर, सिवनी, बुरहानपुर, अलीराजपुर, रतलाम, शाजापुर और खरगोन शामिल हैं। सीहोर जिला 83.23 अंकों के साथ प्रथम स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने इन जिलों के कलेक्टर्स को उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी।

**चार अफसरों को भी मिली बधाई-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बैतूल जिले के सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण नरेन्द्र गौतम, दतिया के ऊर्जा विभाग के कनिष्ठ यंत्री राहुल रंजन, रायसेन के खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कनष्ठि आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव और बुरहानपुर के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप यंत्री अशोक पाटिल को आमजन की संतुष्टि का प्रतिशत शत-प्रतिशत बनाए रखने की उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## 2 आईएएस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना

**भोपाल।** राज्य शासन ने आज भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2012 बैच के अधिकारी लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के उप सचिव धरनेंद्र कुमार जैन को उप सचिव कार्मिक सामान्य प्रशासन विभाग बनाया गया है। सीहोर की अपर कलेक्टर सुश्री गुंचा सनोबर को वहां से हटाकर उप सचिव मंत्रालय भोपाल पदस्थ किया गया है।

## राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादले

**भोपाल।** राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 37अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। राज्य शासन द्वारा मंगलवार को जारी राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तबादला सूची के अनुसार सतना में नए अपर कलेक्टर के तौर पर रीवा में रहे अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह की पदस्थापना की गई है। सिंह राज्य प्रशासनिक सेवा के 2011 बैच के अफ़सर हैं। वे इसके पूर्व भी सतना के राजस्व अनुविभाग मझगवां में एसडीएम पदस्थ रह चुके हैं। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी स्थानांतरण सूची के अनुसार जिन अफसरों के तबादले किए गए हैं उनमें शामिल पन्ना एडीएम बनाए गए संयुक्त कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सतना में नागौद एसडीएम रह चुके हैं जबकि सागर की अपर कलेक्टर बनाई गई संयुक्त कलेक्टर सपना त्रिपाठी सतना में डिप्टी कलेक्टर पदस्थ रही हैं।

## आशा उषा कार्यकर्ता संगठन ने मांगो को लेकर किया प्रदर्शन



**भोपाल।** आज राजधानी में आशा उन्शा सहयोगिनी कार्यकर्ता संगठन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा गर्भवती माता की सम्पूर्ण देखभाल करना प्राथमिकता रही है। , इसके बावजूद भी हमारे सेवाओं को अनदेखा किया जाता है, जिससे हमारा मनोबल बहुत ही कमजोर होता है। नौकरी से बार-बार निकालने की धमकी देते हैं. पूरे मध्यप्रदेश में 75 हजार ग्रामीण व शहरी आशा व पर्यवेक्षक पूर्णरूप से सेवा में संलग्न है। साथ ही 2 वर्ष के कोविड महामारी के आशा व सहयोगी कार्यकर्ता अपनी जान जोखिम में डालकर पूर्ण रूप से कर्तव्यनिष्ठ रही है एवं वर्तमान में भी कार्य कर रही है। इसका कोई भी भुगतान शासन से नहीं किया गया, वर्तमान में जो कोदिड में 1 हजार रूपये मिलता था यह बंद कर दिया गया, जबकि घर-घर जाकर आशा कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क बनाकर शासकीय सेवा कर रही है। लेकिन शासन की दयादृष्टि हम लोगों की ओर नहीं जा रही है।

# महाआर्यमान ने मां प्रियदर्शिनी सिंधिया के साथ किए महाकाल दर्शन

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योर्तिलिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में नौ दिवसीय शिवनवरात्रि महोत्सव चल रहा है। मंगलवार को शिवनवरात्री के पांचवे दिन होल्कर मुखोटे का श्रृंगार किया गया। कल दोपहर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राजे अपने पुत्र महाआर्यमान सिंधिया के साथ बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंची । गर्भगृह में प्रवेश वर्जित होने के चलते उन्होंने गर्भगृह के बाहर चांदी द्वार से ही बाबा महाकाल का विशेष पूजन अर्चन कर आरती की, इसके बाद उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए बाबा महाकाल की स्तुति की।

महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित आशीष गुरू ने बताया कि शिवनवरात्रि पर्व के चलते परंपरागत रूप से बाबा महाकाल के दर्शन व पूजन अर्चन के लिए सिंधिया परिवार से कोई न कोई सदस्य आता रहा है । केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राजे और उनके पुत्र महाआर्यमान सिंधिया आज उज्जैन आए थे, जहां उन्होंने बाबा महाकाल का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान साथ रहे



भाजपा नेता संजय ठाकुर ने बताया कि बाबा महाकाल के दर्शन करने के बाद श्रीमती प्रियदर्शनी राजे और महाआर्यमन श्री कालभैरव मंदिर पहुंचे एवं पूजन अर्चन करने के पश्चात वापस लौट गए ।

# ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में नदी के ऊपर झूला पुल का तार टूटा




**खंडवा।** जिले के ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचने के लिए नर्मदा नदी पर बने पैदल झूला पुल का एक तार गुरुवार सुबह टूटने से हड़कंप मच गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, फिलहाल जिला प्रशासन ने नए पुल से श्रद्धालुओं की आवाजाही रोक दी है। एनएसडीसी और प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पुल की जांच की जा रही है। ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए नया झूला पुल 18 साल पूर्व बनाया गया था।

कुछ समय पहले गुजरात के मोरवी में झूला पुल गिरने पर ओंकारेश्वर के झूला पुल की भी जांच की गई थी। तब इसे यह पूरी तरह सुरक्षित बताया गया था। अधिकारियों की लापरवाही के चलते और लगातार ध्यान ना रखने के कारण झूला पुल का एक तार टूट कर जमीन पर आ गिरा है। जानकारों का कहना है कि एक तार टूटने से पुल की गिरने जैसी कोई संभावना नहीं है, तथापि तार का टूट कर गिरना जिम्मेदारों की लापरवाही को तो प्रदर्शित करता ही है।

## भारत हिंदू राष्ट्र घोषित होना चाहिए: देवकीनंदन ठाकुर

**छिंदवाड़ा।** कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत देश को हिंदू राष्ट घोषित होना चाहिए, आजादी के बाद सनातनियो का देश में दमन हुआ है हम सनातनी को जगाने के लिए छिंदवाड़ा से 17 फरवरी से सनातन यात्रा निकालेंगे जो 2024 तक चलेगी। श्री ठाकुर ने कहा कि वेब सीरीज तुरंत बंद कर देना चाहिए सरकार से



अपील करता हूं कि इस पर संज्ञान ले क्योंकि इसके कंटेंट से रिश्ते खराब हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन सबका ख्याल रखता है हिंदू राष्ट घोषित होने पर भी मुसलमान भाई सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने देश में रामायण जलाने पर आक्रोश व्यक्त किया। मंदिर जब सरकार के अधीन है तो मस्जिद और चर्च भी सरकार के अधीन होना चाहिए और उसका पैसा देश हित में लगकर हर जिले में 5 गुरुकुल बनाकर शिक्षा व्यवस्था की किया जाना चाहिए। मौलाना असद मदनी के बयान पर उन्होंने कहा कि यह बहुत निंदनीय है, उन्होंने कहा कि इतिहासकारों द्वारा भी देश में गलत इतिहास पढ़ाया गया है। बागेश्वर धाम को लेकर उन्होंने कहा कि सनातन को लेकर वह जो यज्ञ कर रहे हैं मैं उसमें अपनी आहुति डाल दूंगा, धीरेंद्र शास्त्री में मेरे छोटे भाई हैं। पत्रकार वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू उपस्थित थे।



प्रज्ञा प्रवाह एवं स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी के तत्वावधान में बजट की स्वदेशी दृष्टि पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें पूर्व आईएएस अधिकारी मनोज श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

## दुष्यंत संग्रहालय के निदेशक राजुरकर राज का निधन



**भोपाल।** दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के संस्थापक निदेशक राजुरकर राज का निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने करीब 25 साल पहले अपने घर के दो कमरों में यह संग्रहालय शुरू किया था। वह विविध भारती, भोपाल से वरिष्ठ उद्घोषक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह कई सालों से बीमार थे। उन्हें पैंक्रियाज में ट्यूमर था, जिसका पांच बार आपरेशन करवा चुके थे और अब आयुर्वेद से इलाज करवा रहे थे। इलाज के दौरान मंगलवार रात को उनका देहांत हो गया। राजुरकर के निधन से साहित्य जगत में शोक की लहर है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

# भोपाल में एक कॉल से मोबाइल हैक, एक लाख की ठगी

**भोपाल।** राजधानी में एक कॉल से मोबाइल हैक करने का मामला सामने आया है। घटना रविवार की है। पीड़ित प्रियंका गुप्ता ने बताया कि मेरे पास एक कॉल आया और बोला गया कि 5त्र नेटवर्क के लिए टेस्टिंग चल रही है। इसलिए मैं एक नंबर दे रहा हूं, आप उसपर कॉल कर लीजिए। जैसे ही मैंने उस नंबर पर कॉल किया मेरे सारे कॉल और मैसेजेस उसके पास डॉयवर्ट हो गए।

प्रियंका ने बताया- हैकर ने मुझे मोबाइल नंबर- 9153801883 से कॉल किया और पूछा कि क्या आपके मोबाइल में 5 जी नेटवर्क अच्छा चल रहा है, तो मैंने जवाब दिया कि नहीं। इसके बाद ही उसने एक नंबर पर कॉल करने के लिए कहा था। अब आरोपी वॉट्सऐप के जरिए मेरे दोस्तो से पैसे मांग रहा है। मेरे दोस्त से उसने एक लाख की ठगी भी कर ली है।



### हैकर अब वॉट्सएेप से पैसे की मांग कर रहा

प्रियंका ने बताया कि हैकर के पास मेरे कॉन्टेंट लिस्ट, मैसेजेस के अलावा पूरा सोशल मीडिया है। पीड़ित ने कहा कि आरोपी अब वॉट्सऐप के जरिए मेरे पहचान के लोगों से पैसे मांग रहा है। किसी से 5 हजार तो किसी से 10 और 15 हजार मांग रहा है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पैसे मंगा रहा है। जब इस आईडी को सर्च किया जा रहा है तो उसमें रघुनंदन यादव नाम आ रहा है।

प्रियंका का कहना है कि मेरी दोस्त शिल्पा देशमुख के साथ भी रविवार की सुबह इसी तरह की घटना हुई है। हैकर ने शिल्पा के दोस्तों से सेम आईडी से पैसे मांगे तो उसके दोस्तों ने लगभग 1 लाख रुपए भेज दिए। शिल्पा ने भी इंदौर साइबर सेल में केस दर्ज करवाया है। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों को एक साथ जोड़कर जांच की जा रही है।